दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 I अंक: 236 जयपुर, रविवार, 04 अगस्त, 2024 I श्रावण, कृष्ण पक्ष-अमावस्या, विसं 2081 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

**जरूरी खबर**

### अधिकारियों के लंबित प्रकरणों का किया निस्तारण



**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार आमजन को भ्रष्टाचार मुक्त सुशासन देने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री ने राज्य सेवा के अधिकारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई एवं अभियोजन स्वीकृति के विचाराधीन प्रकरणों का प्राथमिकता से निस्तारण किया। मुख्यमंत्री ने 7 प्रकरणों में सेवारत अधिकारियों को सीसीए नियम 16 एवं 17 में दंडित करने व 4 सेवानिवृत्त अधिकारियों पर आरोप के समानुपातिक पेंशन रोकने का निर्णय किया। साथ ही, सेवानिवृत्त अधिकारी के विरुद्ध एक अन्य प्रकरण में प्रमाणित आरोप का अनुमोदन किया व दो को दोषमुक्त किया।

### केकड़ी में 2 घंटे में 3 इंच बारिश... पूरा शहर लबालब



**जयपुर।** प्रदेश पर मानसून मेहरबान होने का अहसास करवा रहा है। शनिवार को केकड़ी में तो देर शाम 2 घंटे में 3 इंच बरसात से जल प्लावन जैसी स्थिति बन गई। सड़कें दरिया बन गई। घरों में पानी घुस गया। बीकानेर, जैसलमेर, बालोतरा में भी तेज बारिश हुई। सड़कें बह गईं, जिससे मुख्य मार्ग भी क्षतिग्रस्त हो गए। वहीं, बाजारों में पानी भर गया। उधर, बाड़मेर में खेत में गड्ढे में डूबने से 2 भाइयों की मौत हो गई। सवाईमाधोपुर के पीपल्दा में बारिश के चलते दीवार गिरने से एक महिला की मौत हो गई।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

**बजट सौगातों के लिए देवासी समाज के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का किया अभिनंदन...**

# राज्य की अर्थव्यवस्था में पशुपालकों का अहम योगदान: सीएम

- 250 करोड़ रुपए से किया जाएगा मुख्यमंत्री पशुपालन विकास कोष का गठन

बेधड़क | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि परिवर्तित राज्य बजट 2024-25 में की गई घोषणाओं से विकसित राजस्थान का सपना साकार होगा। प्रदेश की 8 करोड़ जनता की आकांक्षाएं एवं उम्मीदें इस बजट से पूरी होंगी। उन्होंने कहा कि किसान, पशुपालक, युवा, महिला सहित सभी वर्गों के सर्वांगीण विकास के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। शर्मा शनिवार को मुख्यमंत्री निवास पर सिरोही एवं बाली सहित विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों से राज्य बजट में की गई घोषणाओं के लिए धन्यवाद देने आए देवासी समाज के प्रतिनिधिमण्डल को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि संकल्प पत्र के सभी वादों को हमारी सरकार पूरा कर रही है।



*ये रहे मौजूद: इस दौरान पशुपालन एवं डेयरी मंत्री जोराराम कुमावत, पंचायतीराज एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री ओटाराम देवासी, जालोर-सिरोही सांसद लुम्बाराम चौधरी, देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष ओमप्रकाश भड़ाना, विधायक पुष्पेन्द्र सिंह राणावत, समाराम एवं गोपीचंद मीणा सहित कई जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में देवासी समाज के लोग उपस्थित रहे।*

### पशुपालकों के लिए किए कार्य बताए

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा देश कृषि प्रधान है और राज्य की अर्थव्यवस्था में पशुपालकों का अहम योगदान है। इसी को ध्यान में रखते हुए बजट में पशुपालकों के सशक्तीकरण के लिए कई सौगातें दी गई हैं। पशुपालन संवर्द्धन, संरक्षण एवं विकास के लिए 250 करोड़ रुपए से मुख्यमंत्री पशुपालन विकास कोष का गठन किया जाएगा। दुधारू पशुओं के नस्ल विकास एवं नर गौवंश की समस्या के समाधान के लिए अनुदान राशि 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 75 प्रतिशत की जाएगी। शर्मा ने कहा कि प्रदेश में पशु चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार के लिए 125 पशु चिकित्सकों तथा 525 पशुधन सहायकों के नए पदों के सृजन, ग्राम पंचायतों में इस वर्ष 500 नवीन पशु चिकित्सा उपकेन्द्र खोले जाने सहित विभिन्न घोषणाएं राज्य बजट में की गई हैं।

### पशु चिकित्सा संस्थानों के लिए 200 करोड़

सीएम ने कहा कि पशु चिकित्सा संस्थानों पर चरणबद्ध रूप से 200 करोड़ रुपए व्यय किए जाएंगे। साथ ही, मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना शुरू होगी। ऊंटपालकों को दी जाने वाली सहायता राशि को 10 हजार से बढ़ाकर 20 हजार प्रतिवर्ष किया जाएगा एवं पंजीकृत गोशालाओं को देय अनुदान में 10 प्रतिशत की वृद्धि की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य बजट में 18.90 करोड़ रुपए की लागत से रानी, बाली, फालना तथा 50 गांवों के लिए पेयजल आपूर्ति व पाइप लाइन संबंधी कार्य कराने की घोषणा की गई है।

**भाजपा के नए प्रदेशाध्यक्ष ने हजारों कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में संभाला पद, कार्यक्रम में मौजूद सीएम ने संबोधित करते हुए कहा...**

# हमने सात माह में 115 पेपर लीक माफियाओं को भेजा जेल: CM

**राज कार्यकर्ताओं का... कार्यकर्ता सरकार और जनता के बीच की कड़ी: राठौड़**

बेधड़क | जयपुर

भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने पदभार ग्रहण करने के बाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि इनके नेतृत्व में हम सब भाजपा के विचार की इस यात्रा को आगे बढ़ाएंगे। हमारे कार्यकर्ताओं ने विचार और संस्कार के लिए संघर्ष किया है, जिसका परिणाम है कि पिछले 7 माह में हमने भाजपा के संकल्प पत्र में जनता से किए गए वादों में से 45 फीसदी को पूरा करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कुशासन में जनता परेशान थी, पेपरलीक हो रहे थे।

भाजपा की सरकार बनने के साथ ही एसआईटी का गठन कर पेपर माफियाओं की कमर तोड़ने का काम किया गया। आज 115 से ज्यादा पेपर लीक माफिया जेल की सलाखों के पीछे है। सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि कांग्रेस के नेता कहते हैं कि अभी तो मछलियां पकडी गई हैं, मगरमच्छ बाहर है मैंने उनको भी कहा है और आपको विश्वास दिलाता हूं कि जल्द ही मगरमच्छ भी शिकंजे में होंगे।



### कार्यकर्ताओं के स्वाभिमान की रक्षा करूंगा

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि कार्यकर्ताओं के सम्मान और स्वाभिमान के लिए खून पसीना एक कर दूंगा। उन्होंने हजारों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति पर भावविभोर होते हुए कहा कि ये एक सामान्य कार्यकर्ता के प्रति है, जो स्नेह और सम्मान मुझे दिया गया है, उसका मैं ऋणी हूं। जो मार्गदर्शन मुझे मिला है उसके अनुसार संगठन और सत्ता के मध्य सेतु बनकर शीर्ष नेतृत्व द्वारा दी गई जिम्मेदारी को पूरा करूंगा। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता जिस मोहल्ले में रहते हैं, वो वहां सरकार के प्रतिनिधि है। आज राज कार्यकर्ताओं का है, सरकार कार्यकर्ताओं की है और सरकार के द्वारा किए गए कार्यों को जनता तक ले जाने की जिम्मेदारी भी कार्यकर्ताओं की है। भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने राजस्थानी गीत का उदाहरण देते हुए कहा कि विवाह में दूल्हे के लिए परिजन महिलाएं गीत गाती है कि "बन्ना म्हारो केशरियो हजारी गुल रो फूल..."। वैसे ही देश का नेतृत्व करने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राजस्थान का नेतृत्व करने वाले मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा हम सबके दूल्हे हैं। राठौड़ ने कहा कि मेरे पूर्ववर्ती नेतृत्वकर्ताओं ने संगठन को मजबूती देने का और आगे बढ़ाने का काम बड़े शिद्दत से किया है। मैं उनसे प्रेरणा लेकर और उनके मार्गदर्शन में जो विश्वास केंद्रीय नेतृत्व ने जताया है और जो भरोसा कार्यकर्ताओं ने किया है उस पर खरा उतरने में कोई कौर कसर नहीं छोड़ूंगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 सालों में देश का मान और सम्मान बढ़ा है। विश्व पटल पर भारत का परचम फहराने का काम पीएम मोदी ने किया है। इसकी बानगी रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच भारतीयों को सकुशल निकलवाने का काम किया था।

### कांग्रेस कर रही देश को बांटने का षड्यंत्र: जोशी

भाजपा के निवर्तमान प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि कांग्रेस जाति और मजहब के नाम पर देश को बांटने का षडयंत्र कर रही है। उसे रोजे में रोजेदारों के लिए अलग से व्यवस्थाएं करना अच्छा लगता है लेकिन श्रावण के पवित्र माह में कावड़ियों की आस्था का सम्मान करना नागवार गुजरता है। कांग्रेस ने सदा संतों और सनातन का निराधर किया है।

### भाजपा केवल पार्टी नहीं, एक परिवार है: राजे

भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने कहा कि राजनीति में उतार-चढाव आते रहते हैं, हर किसी को इस दौर से गुजरना पड़ता है। राजनीति में तीन चीजें महत्वपूर्ण हैं पद, मद और कद। पद और मद तो आते जाते हैं, लेकिन व्यक्ति अपने काम से कद को बना लेता हैं और ये ही उसकी पूंजी है। जनता के प्यार और विश्वास से अर्जित कद स्थाई है जिसे कोई छीन नहीं सकता। उन्होंने कहा कि भाजपा केवल पार्टी नहीं है, एक परिवार है और इस परिवार की सदस्य होकर मैं अपने आप को गौरवान्वित महसूस करती हूं। भाजपा प्रदेश सह प्रभारी विजया राहटकर ने कहा कि वसुंधरा राजे की पूर्ववर्ती सरकार हो या वर्तमान की हमारी भजनलाल के नेतृत्व वाली सरकार में हमारे लिए लोक कल्याण सर्वोपरि है। -पेज 02 भी देखें

*ये रहे मौजूद:* इस अवसर पर मंच संचालन भाजपा प्रदेश महामंत्री जितेंद्र गोठवाल ने किया और आभार प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी ने व्यक्त किया। मंच पर राष्ट्रीय मंत्री अलका गुर्जर, उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी, डॉ. प्रेमचंद बैरवा, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अशोक परनामी, सतीश पूनिया, अरुण चतुर्वेदी, कौर कमेटी सदस्य कनकमल कटारा, राजेंद्र गहलोत, पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष चुन्नीलाल गरासिया, नारायण पंचारिया, मुकेश दाधीच, अजयपाल सिंह, प्रभुलाल सैनी, सीआर चौधरी, मोतीलाल मीणा, ज्योति मिर्धा, नाहर सिंह जोधा, प्रदेश महामंत्री दामोदर अग्रवाल, संतोष अहलावत और ओमप्रकाश भडाना सहित प्रदेश पदाधिकारी मंच पर उपस्थित थे। कार्यक्रम के बाद भाजपा के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने भाजपा प्रदेश पदाधिकारियों और जिलाध्यक्षों के साथ बैठक की।

**राज्य मंत्रिमंडल की बैठक आयोजित**

# ऊर्जा क्षेत्र में 4 संयुक्त उपक्रमों की स्थापना पर सरकार की मुहर



बेधड़क | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में शनिवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में आयोजित राज्य मंत्रिमण्डल की बैठक में प्रदेश में मेट्रो रेल परियोजनाओं के विकास एवं संचालन के लिए संयुक्त उपक्रम, अक्षय एवं ताप विद्युत परियोजनाओं तथा विद्युत प्रसारण परियोजनाओं के लिए संयुक्त उपक्रम, इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट, संस्कृत शिक्षा विभाग में पदनाम परिवर्तन एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग में सूपर स्पेशिएलिटी शिक्षकों की कमी दूर करने से जुड़े महत्वपूर्ण निर्णय किए गए।

उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा, उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ एवं संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए मंत्रिमंडल में लिए गए निर्णयों की जानकारी दी। बैरवा ने बताया कि मेट्रो रेल नीति 2017 के अनुसार केंद्र सरकार और राज्य के बीच संयुक्त उद्यम (जेवी) कंपनी के गठन के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। यह संयुक्त उद्यम राजस्थान में वर्तमान में चल रही एवं भविष्य की मेट्रो रेल परियोजनाओं के विकास, परिचालन एवं क्रियान्वयन के लिए होगा। इस जेवी को भारत सरकार से मेट्रो परियोजना लागत में वित्तीय सहयोग (अंशपूंजी एवं ऋण के रूप में) प्राप्त हो सकेगा। -पेज 02 भी देखें

### ऊर्जा एवं प्रसारण प्रोजेक्ट्स के लिए जेवी

संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने बताया कि प्रदेश को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से राज्य सरकार निरंतर प्रयास कर रही है। बीते 10 मार्च 2024 को राज्य सरकार और विभिन्न केन्द्रीय पीएसयू के बीच हुए एमओयू की अनुपालना में मंत्रिमंडल की बैठक में आज भारत सरकार की विभिन्न पीएसयू के साथ जॉइंट वेंचर कंपनियों के गठन के प्रस्तावों का अनुमोदन किया गया। इन परियोजनाओं में राज्य सरकार की कंपनियों की हिस्सेदारी 26 प्रतिशत और केन्द्रीय पीएसयू कंपनियों की हिस्सेदारी 74 प्रतिशत रहेगी। इन जेवी कंपनियों में राज्य सरकार की कंपनियों की शेयर हॉल्डिंग के लिए वर्तमान परिसंपत्तियों से अंश पूंजी की व्यवस्था की जाएगी।

**एसीबी की बड़ी कार्रवाई**

# 3 लाख रुपए की घूस लेते जिला उद्योग का जीएम रंगे हाथों गिरफ्तार

- एसीबी ने प्रतापगढ़ जिला उद्योग के संयुक्त आयुक्त व जीएम को पकड़ा
- परिवादी छह माह से वेतनमान स्थिरीकरण व पेंशन भुगतान के लिए लगा रहा था चक्कर

बेधड़क | जयपुर

वेतनमान का स्थिरीकरण व पेंशन प्रकरण के भुगतान के लिए 3 लाख रुपए की घूस लेते जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र विभाग के संयुक्त आयुक्त व महाप्रबंधक को शनिवार को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने गिरफ्तार कर लिया। एसीबी ने आरोपी राजीव गर्ग से घूस की राशि बरामद करके जांच शुरू कर दी है। एसीबी ने आरोपी के ऑफिस व प्रतापगढ़ स्थित आवास पर सर्च की कार्रवाई की है। जहां पर एसीबी वेतनमान व पेंशन प्रकरणों की पेंडिंग फाइल मिली है। एसीबी ने उन फाइलों की भी अब जांच कर रही है। आरोपी राजीव गर्ग परिवादी से 50 हजार रुपए पहले ले चुका था।






### यह थी परिवादी की शिकायत

एसीबी के डीजी रविप्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि पिछले माह एसीबी में जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र विभाग के एक परिवादी ने शिकायत की थी। उसका आरोप था कि सातवें वेतनमान को और उसके पेंशन प्रकरण का संयुक्त आयुक्त व महाप्रबंधक राजीव गर्ग निस्तारण नहीं कर रहे हैं। वेतनमान के स्थिरीकरण करने और पेंशन प्रकरण का भुगतान करने की एवज में राजीव गर्ग 3.50 लाख रुपए की घूस मांग रहे हैं। परिवादी की शिकायत का एसीबी ने सत्यापन किया। सत्यापन के दौरान आरोपी ने परिवादी से 50 हजार रुपए की घूस ले ली थी। शनिवार को आरोपी ने बाकी की घूस की राशि लेकर प्रतापगढ़ स्थित उसके ऑफिस बुलाया था। जहां पर एसीबी ने राजीव गर्ग को परिवादी से 3 लाख रुपए की घूस लेते ट्रैप कर लिया।

### जयपुर स्थित मकान व फ्लैट किया सील

एसीबी ने ट्रेप की कार्रवाई के बाद आरोपी राजीव गर्ग के ऑफिस व प्रतापगढ़ स्थित आवास की तो सर्च की कार्रवाई कर ली है। लेकिन राजीव गर्ग का एक मकान व फ्लेट जयपुर में है। यहां पर कोई नहीं होने से एसीबी ने दोनों को सील कर दिया है। अब एसीबी के अधिकारी कोर्ट से सर्च वारंट लेकर आरोपी राजीव गर्ग के मकान व फ्लेट की तलाशी सोमवार को लेगी।

## जरूरी खबर

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिले राज्यपाल बागड़े



**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े ने शनिवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री आवास पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। प्रधानमंत्री मोदी से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी।

### पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्र को आत्मीय विदाई



**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्र को शनिवार को यहां भाव भरी विदाई दी। शनिवार 3 अगस्त सुबह जयपुर एयरपोर्ट पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर के साथ सम्मान पूर्वक विदाई दी गई। इस दौरान सीएम भजनलाल शर्मा ने हवाई अड्डे पर कलराज मिश्र को पुष्प गुच्छ भेंट कर उन्हें विदाई दी। सीएम भजनलाल शर्मा ने कलराज मिश्र को विदाई पर उनके स्वस्थ जीवन के लिए शुभकामनाएं दी।

### मरकर भी जिंदा रहना है तो करें अंगदान: देवनानी

**जयपुर।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि मर कर भी जिंदा रहना है तो हमें अंगदान करना चाहिए। आज देश में हृदय, लीवर, किडनी और आंखों सहित अन्य अंगों की वास्तविक मांग के मुकाबले उपलब्धता बहुत कम है। हमें अपनी सोच को बदलना होगा, जिस तरह रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ी है। उसी तरह अंगदान का महत्व भी आमजन को समझना होगा। देवनानी ने शनिवार को अजमेर के जवाहरलाल नेहरू अस्पताल में अंगदान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया।

### कांग्रेस ने लोकतंत्र को कुचलने का किया काम: यादव



**जयपुर।** स्वर्गीय बाबा शरणानंद महाराज की मूर्ति के अनावरण कार्यक्रम में शामिल होने शनिवार को बहरोड पहुंचे केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने राहुल गांधी पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का इतिहास लोकतंत्र को खत्म करने का काम रहा है। कांग्रेस एक लोकतांत्रिक पार्टी नहीं है, वो एक परिवार के आदेश पर चलने वाली पार्टी है। इस देश में सारी संस्थाओं को सस्पेंड किया, क्योंकि इंदिरा गांधी को सत्ता जाने का खतरा नजर आ रहा था।

**चूरू सांसद राहुल कस्वां बोले- PMGSY की गाइडलाइंस में बदलाव कर कच्ची सड़कों को किया जाए शामिल**

# लोकसभा में उठाया गांवों में नई सड़कों के निर्माण का मुद्दा

बेधड़क | नई दिल्ली

चूरू सांसद राहुल कस्वां ने शुक्रवार को लोकसभा में शून्यकाल के अंतर्गत 'प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना' की नियमावली में बदलाव कर गांवों की कच्ची सड़कों का भी डामरीकरण करने का मुद्दा उठाया।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में इस योजना की नियमावली के अनुसार पूर्व में बनी हुई सड़कों के चौड़ाईकरण व उन्नयन का कार्य किया जाता है, जिसके चलते बहुत से गांवों तक आज भी रोड कनेक्टिविटी नहीं हो पाई है। राजस्थान का क्षेत्रफल काफी बड़ा है, जहां एक गांव से दूसरे गांव की दूरी बहुत ज्यादा है। अत्यधिक



लंबाई और कच्चे रास्तों के चलते गांवों तक विकास उस रूप में नहीं पहुंच पाया है, जितना होना चाहिए। ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने के लिए हर गांव तक पक्की सड़कें निर्माण करना प्राथमिकता में होना चाहिए। इसलिए पीएमजीएसवाई के तहत कच्ची सड़कों के डामरीकरण करने का प्रावधान होना चाहिए, ताकि गांवों से गांव तक पक्की सड़कें होने से हमारे ग्रामीण क्षेत्रों का यथोचित विकास हो सके।

## सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर दौसा सांसद ने जताई आपत्ति

**जयपुर।** अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) वर्ग में क्रीमी लेयर बनाए जाने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर दौसा सांसद मुरारी लाल मीणा ने आपत्ति जताई है। मुरारी लाल मीणा ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर हम टिप्पणी नहीं कर सकते हैं, लेकिन एससी-एसटी की आरक्षण में बंटवारे को लेकर हम सहमत नहीं है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का जो फैसला आया है वह संविधान प्रदत नहीं है। संविधान के अनुच्छेद 341-343 में साफ लिखा हुआ है। पूरे देश में अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति की 25 फीसदी आबादी है जिनके 15 से 16 फीसदी से ज्यादा एम्प्लाइज नहीं है। उन्होंने कहा कि जुडिशल ऑनलाइन सेवा



में 2-3 फीसदी ही एससी-एसटी के लोग हैं। जब सारे लोग मिलकर भी उन पदों को नहीं भर पा रहे हैं। वर्तमान में जो सरकार राज कर रही है उसकी मूल भावना है, इस आरक्षण को विवादास्पद बना दो और विवाद पर बनाकर इस आरक्षण को खत्म कर दो। चुनाव के समय हमने कहा था कि उनके नीयत साफ नहीं है। यह संविधान में संशोधन करना चाहते हैं। इस फैसले के बाद यह निश्चित हो गया उनकी भावनाओं को माध्यम सुप्रीम कोर्ट माध्यम हाईकोर्ट प्रकट करना चाहते हैं। सरकार ने सही तरीके से सुप्रीम कोर्ट में पैरवी नहीं की। इसलिए जो फैसला आया है, उसे किसी ने किसी प्रकार से तुरंत प्रभाव से पुनः विचार याचिका दायर की जाए या फिर लोकसभा में प्रस्ताव ले। जिससे जो 25 फीसदी जनता में जो भ्रम पैदा हो गया वह अशांति पैदा हो गई वह दूर हो सके।

**मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक**

# 'बिजली के लिए केंद्र से जॉइंट वेंचर करेगी राज्य सरकार'

बेधड़क | जयपुर

उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने बताया कि कोल इंडिया लिमिटेड और आरवीयूएनएल के बीच दो अलग अलग जेवी की स्थापना की जाएगी। इसमें एक तापीय परियोजना एवं दूसरी अक्षय ऊर्जा परियोजना होगी। इन जेवी से बिजली की बेस लोड और पीक लोड डिमांड पूरी होगी। साथ ही बिजली उत्पादन में प्रदेश के वित्तीय भार में कमी आएगी।

पहली परियोजना के अंतर्गत कालीसिंध तापीय परियोजना झालावाड़ परिसर में 800 मेगावाट की इकाई या किसी अन्य पीटहैड ग्रीनफील्ड कोयला परियोजना की स्थापना की जाएगी। दूसरी जेवी के तहत दो हजार से ढाई हजार मेगावाट क्षमता की सौर ऊर्जा परियोजना, पंप स्टोरेज परियोजना और पवन ऊर्जा परियोजना की स्थापना की जाएगी। इन परियोजनाओं से 17 हजार 200 से 24 हजार 400 करोड़ रुपए का प्रदेश में निवेश होगा। उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री ने बताया कि अक्षय ऊर्जा परियोजना की स्थापना के लिए एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी एवं आरवीयूएनएल के मध्य ज्वाइंट वेंचर बनाई जाएगी।

यह उपक्रम 25 हजार मेगावाट की सोलर/विंड/हाइब्रिड एनर्जी सहित नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं की स्थापना करेगा। इसके माध्यम से प्रदेश में एक लाख करोड़ रुपए का निवेश होगा। कर्नल राठौड़ ने बताया कि विद्युत प्रसारण परियोजनाओं की स्थापना के लिए पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड एवं राजस्थान विद्युत प्रसारण निगम के मध्य ज्वाइंट वेंचर कंपनी की स्थापना की जाएगी।

इससे राजस्थान में बढ़ती विद्युत लोड मांग की पूर्ति के लिए ट्रांसमिशन प्रणाली का विकास हो सकेगा। यह जेवी ठव्व्ड (निर्माण, स्वामित्व, संचालन एवं रखरखाव) आधार पर ट्रांसमिशन सिस्टम का संचालन करेगी और अपने द्वारा बनाई गई संपूर्ण ट्रांसमिशन क्षमता राजस्थान डिस्कॉम को उपलब्ध करवाएगी।




### बनाया जाएगा इंफ्रास्ट्रक्चर इंवेस्टमेंट ट्रस्ट

संसदीय कार्य मंत्री ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत वर्ष 2024-25 के लेखानुदान में प्रसारण निगम में केन्द्र सरकार के ऊर्जा मंत्रालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट इनविट लाने की घोषणा की गई है। इसकी अनुपालना में राजस्थान विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड इनविट का गठन करेगा तथा इसे सेबी में पंजीकृत किया जाएगा। आरवीपीएन को इनविट के माध्यम से अपनी परिचालन ट्रांसमिशन परिसंपति के मुद्रीकरण के लिए अधिकृत करने का प्रस्ताव आज अनुमोदित किया गया है।

### RGHS में क्लेम सेटलमेंट में आएगी स्पष्टता

कर्नल राठौड़ ने बताया कि जिन राज्य कर्मचारी एवं पेंशनरों ने आरजीएचएस के अलावा निजी मेडिकल इंश्योरेंस भी ले रखा है, उन्हें अब केन्द्र सरकार/सीजीएचएस के प्रावधानों से क्लेम का भुगतान किया जाएगा। पहले क्लेम का सेटलमेंट मेडिकल इंश्योरेंस कंपनी द्वारा किया जाएगा तथा इसके उपरांत शेष राशि का क्लेम आरजीएचएस के पेटे से सेटल किया जाएगा। इस निर्णय से आरजीएचएस और निजी मेडिकल इंश्योरेंस दोनों में पंजीकृत कर्मचारियों एवं पेंशनरों के क्लेम सेटलमेंट के संदर्भ में स्पष्टता आएगी।

## चिकित्सा शिक्षा में सुपर स्पेशियलिटी शिक्षकों की कमी होगी दूर

उन्होंने बताया कि चिकित्सा शिक्षा विभाग के अंतर्गत राजस्थान चिकित्सा सेवा (कॉलेज शिक्षा) नियम 1962 के नियम 7 के उपनियम 1 में संशोधन के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। इसके अंतर्गत राजकीय चिकित्सा महाविद्यालयों में 1 अप्रेल 2020 या इसके पश्चात सुपर स्पेशियलिटी एवं सब स्पेशियलिटी में नये शुरू होने वाले विभाग में राजस्थान चिकित्सा सेवा (कॉलेज शिक्षा) नियम 1962 के नियम 24 के उपनियम 1 में वर्णित प्रक्रिया के बाद भी आचार्य, सह आचार्य के पद रिक्त रहते हैं तो इन्हें विशेष भर्ती से भरा जा सकेगा। इस निर्णय से राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग द्वारा निर्धारित मापदण्डों की पूर्ति हेतु चिकित्सा शिक्षकों की कमी दूर होगी और सुपर स्पेशियलिटी में स्वास्थ्य सुविधाओं को बढ़ावा मिलेगा।


### RSR 1951 में अस्थाई आधार पर वेतन एवं पदोन्नति निर्धारण के लिए संशोधन

संसदीय कार्य मंत्री ने बताया कि वर्तमान में राजस्थान सेवा नियम 1951 में आवश्यक अस्थाई आधार पर नियुक्ति एवं पदोन्नति किए जाने पर वेतन निर्धारण के संबंध में स्पष्ट प्रावधान नहीं है। अब सेवा नियम में नियम 26डी जोड़कर आवश्यक अस्थाई आधार पर नियुक्ति एवं पदोन्नति पर वेतन निर्धारण किए जाने का प्रावधान किया जा रहा है।

### संस्कृत शिक्षा में 2827 पदों पर होंगी भर्तियां

उन्होंने बताया कि संस्कृत शिक्षा विभाग में शारीरिक शिक्षा अनुदेशक ग्रेड 2 एवं शारीरिक शिक्षा अनुदेशक ग्रेड 3 का पदनाम अब शिक्षा विभाग की तर्ज पर वरिष्ठ शारीरिक शिक्षा अध्यापक व शारीरिक शिक्षा अध्यापक किया गया। संस्कृत शिक्षा विभाग में शारीरिक शिक्षा अध्यापक व लाइब्रेरियन ग्रेड 3 की योग्यता शिक्षा विभाग के अनुरूप की जाएगी। इस निर्णय से इन पदों की भर्ती राज्य कर्मचारी चयन बोर्ड के माध्यम से शिक्षा विभाग की भर्तीयों के साथ ही हो सकेगी। इस प्रकार संस्कृत शिक्षा विभाग में शारीरिक शिक्षा अध्यापक के 179 एवं लाइब्रेरियन ग्रेड 3 के 48 पदों पर भर्ती का मार्ग प्रशस्त होगा। संस्कृत शिक्षा विभाग में अध्यापक लेवल 1 व लेवल 2 एवं अध्यापक (सामान्य) लेवल 1 एवं लेवल 2 के पदों की योग्यता प्रारंभिक शिक्षा विभाग के अनुरूप की जाएगी। समान पद के लिए पंचायती राज व शिक्षा विभाग के अनुरूप प्रतियोगी परीक्षा के लिए समान पाठ्यक्रम लागू किया गया है। इन निर्णयों से संस्कृत शिक्षा के इन पदों की भर्ती राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड के माध्यम से प्रारंभिक शिक्षा विभाग की भर्तीयों के साथ ही हो सकेगी। इस प्रकार लगभग 2600 पदों पर भर्ती का मार्ग प्रशस्त होगा।

## खबरों में बेधड़क खबर



### खाकी के लिए सिरदर्द बना 17 सेकंड का वीडियो

राजधानी की खाकी के लिए एक 17 सेकंड का वीडियो सिरदर्द बन गया है। चर्चा है वीडियो का मामला आपसी रंजिश का है, लेकिन महारथियों ने कुछ अलग ही कहानी बना दी। लालकोठी और एमआई रोड वाले बड़े ऑफिस में वीडियो का मामला पहुंचा तो अफसरों में भूचाल आ गया। चर्चा है कि एक युवक को कुछ महारथियों ने हवालात में बंद कर दिया और एक महारथी ने अपने साथियों को वीडियो कॉल करके उस युवक का अश्लील वीडियो बना दिया। युवक को वीडियो वायरल हुआ तो अफसरों के हाथ-पांव फूल गए, लेकिन अफसरों ने वीडियो को देखकर खामोसी बरत ली। वीडियो अब एक कानून के जानकार के हाथ लगने से कई अफसरों की मुश्किलें बढ़ सकती है। मामला कोर्ट में जाना तय है, लेकिन दोषियों को अभयदान देना खाकी की कार्यशैली को कठघरे में खड़ा कर रहा है। अश्लील वीडियो के मामले की खाकी में इन दिनों काफी चर्चा है।

### खाकी में तबादलों का दौर शुरू, घाटगेट के लिए लगा रहा है बबलू एडी-चोटी का जोर

खाकी में तबादलों का दौर शुरू होने वाला है। पहली तबादला सूची यूपीएससी वालों की तय मानी जा रही है। ऐसे में कई अफसर अब प्राइम पोस्टिंग के लिए जुट गए और दूसरे अफसरों को मात देने के लिए षड्यंत्र रचना शुरू कर दिया है। चर्चा सबसे ज्यादा चार ब्रांचों की है, लेकिन खाकी के बबलू ने अपने सीनियर-जूनियरों पर हावी होने के लिए शतरंज की बिसात बिछा दी है। बबलू लेने और देने का एजेंडा पहले से ही तय करने में माहिर है। चर्चा है कि बबलू घाटगेट वाले ऑफिस में बैठकर अब ऑलराउंडर प्रदर्शन करना चाह है। इसको लेकर पूरी तैयारी कर ली है और कुछ नेताओं को वहां पर बैठाने पर बड़ा आश्वासन तक दिया है। बबलू के कुछ चमचे पहले से वहां पर मौजूद है। जो बबलू के साथ मिलकर आगे की प्लानिंग तक कर रखे हैं।

### रॉयल्टी नाके पर लॉयन मेहरबान

लॉयन साहब और रॉयल्टी नाका चलाने वाले बड़े जमीन के व्यापारी की दोस्ती की लालकोठी वाले भवन में चर्चा में है। चर्चा है कि रॉयल्टी नाके में अवैध वसूली की जाती है, क्योंकि संचालक पर लॉयन की काफी मेहरबानी है। रॉयल्टी नाके पर अवैध वसूली की शिकायते सी-स्कीम स्थित बड़े भवन तक भी पहुंच गई, लेकिन नाके पर लॉयन व कई आंकाओं ने मेहरबानी की बरसात हो रही है। चर्चा है कि नाके के संचालक के अधिकांश धंधों में लॉयन ही नहीं कई अफसरों ने निवेश कर रखा है। ऐसे में नाके के संचालक को अवैध वसूली की पूरी छूट है। नाके का संचालक कई अफसरों के चैंबर में नजर आता है। इसको देखकर अधिनस्थों के मुंह से एक ही बात निकलती है आखिर साहब को इसने कौनसी घुट्टी पिला दी है। जो साहब इतने मेहरबान है।

### गामा ने कर दिया अफसरों को गुमराह

राजधानी के ईस्ट जिले के थाने में दर्ज एक मामले की जांच करने वाले दूसरे थाने वाले गामा साहब एक दुकान की खरीद-फरोख्त के मामले में बड़े साहबों को गुमराह करके मामले को रफा-दफा करने में लगे हुए हैं। चर्चा है कि पीड़ित कैफे संचालक ने इस मामले में खाकी के बड़े-बड़े अफसरों तक न्याय की गुहार लगाई, लेकिन गामा साहब हर बार अफसरों को गुमराह करके मामले को रफा-दफा करने में लगे हुए हैं। गामा की इस कार्यशैली को लेकर कई मायने निकाले जा रहे हैं। दरअसल पीड़ित कैफे संचालक ने एक बड़े ठग से दुकान खरीदी थी। ठग ने रजिस्ट्री करा दी, लेकिन संचालक को पता चला रजिस्ट्री फर्जी दस्तावेजों के आधार पर कराई थी। पीड़ित ने दो साल पहले मामला दर्ज कराया। मामले की जांच दूसरे थाने में तैनात गामा साहब को दी गई, लेकिन चर्चा है पीटर व गामा साहब ठग का पक्ष ले रहे हैं।

**- ओमप्रकाश शर्मा, विशेष संवाददाता**

**पूर्व मुख्यमंत्री की कार्यकर्ताओं को सीख**

# वसुंधरा राजे बोलीं... 'पद' का 'मद' आ जाए तो कम हो जाता है 'कद'

बेधड़क | जयपुर

पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने एक बार फिर नेताओं और कार्यकर्ताओं को इशारों-इशारों में राजनीति की सीख दी। राजे ने बिना किसी का नाम लिए कहा कि राजनीति में कोई भी चीज स्थाई नहीं है। राजनीति का दूसरा नाम उतार चढ़ाव है, इसलिए किसी भी व्यक्ति को पद का मद नहीं रखना चाहिए।

वसुंधरा राजे ने कहा कि पद और मद स्थाई नहीं होते, लेकिन कद स्थाई होता है। राजनीति में यदि किसी को पद का मद आ जाए तो फिर उसका कद कम हो जाता है। आज कल लोगों को पद का



मद आ ही जाता है, लेकिन मदन राठौड़ को कभी पद का मद नहीं आएगा। उन्होंने कहा कि उनकी नजर में सबसे बड़ा पद है 'जनता की चाहत, जनता का प्यार और जनता का विश्वास'। ये ऐसा पद है जिसको कोई किसी से नहीं छीन सकता। उन्होंने कहा कि हमेशा काम से कद बनता है और वहीं स्थाई रूप से रहता है। भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के पदभार ग्रहण समारोह में पहुंचीं राजे ने कहा कि आप कि यह राह आसान नहीं है। सब के साथ आगे बढ़ना है। पूर्व सीएम राजे ने कहा कि मदन राठौड़ को संगठन का लंबा अनुभव है। दो बार विधायक, चार पर जिला अध्यक्ष, राज्यसभा सांसद रहे हैं। पार्टी ने आम जनता से जुड़े जिम्मेदार कार्यकर्ता को बड़ी जिम्मेदारी दी है, जिसे राठौड़ बखूबी पूरा करेंगे। राजे ने इस मौके पर पंजाब के नए राज्यपाल गुलाबंद कटारिया और सिक्किम के नए राज्यपाल ओम माथुर को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार, जिन्होंने संगठन के कर्मठ कार्यकर्ता को कमान सौंपी। मदन राठौड़ पर भरोसा है कि ये सबका साथ सबका विकास थीम पर काम करेंगे।

## दो मंत्रियों को सुरक्षा बल ने रोका

बीजेपी के नए प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ शनिवार को दिल्ली से जयपुर पहुंचे। इस दौरान एयरपोर्ट पर बीजेपी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने राठौड़ का स्वागत किया। इस बीच उनके स्वागत में मंत्री जोराराम कुमावत और मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग भी पहुंचे। उन्होंने एयरपोर्ट के भीतर जाने के लिए गेट नं. 4 से एंट्री करने का प्रयास किया तो सुरक्षा बल ने उन्हें रोक दिया। जवानों ने इसके पीछे हवाला दिया कि उनके पास अंदर एंट्री के लिए जो नाम दिए गए, केवल उन्हीं को ही एंट्री दी गई है। सुरक्षा बल की जवानों ने कहा कि अंदर जाने वालों की लिस्ट में आपका नाम नहीं है। इस दौरान भाजपा के कार्यकर्ता सुरक्षा बल के जवानों से भिड़ गए। इसको लेकर सोशल मीडिया में एक मिनट 32 सेकंड का वीडियो भी सामने आया है। इधर, रोके जाने पर नाराज मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग नाराज होकर एयरपोर्ट से निकल गए और बीजेपी कार्यालय पहुंच गए। वहीं मंत्री जोराराम को करीब 20 मिनट तक एंट्री के लिए इंतजार करना पड़ा।

### राहुल गांधी पर शेखावत का तंज, कहा-चोर की दाढ़ी में तिनका

जयपुर। केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने शनिवार को राहुल गांधी पर तीखा तंज कसा। शनिवार को नए प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के पदभार ग्रहण समारोह में पहुंचे शेखावत ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के ईडी को लेकर किए ट्वीट पर कहा कि हिंदी में एक सामान्य कहावत है। मैं राहुल गांधी की बात नहीं कर रहा हूं, लेकिन कहा जाता है कि चोर की दाढ़ी में तिनका। नए प्रदेश अध्यक्ष को लेकर शेखावत ने कहा कि मदन राठौड़ जमीन से जुड़े हुए कार्यकर्ता हैं। लगभग 30 साल से मेरा और उनका संबंध है। जब मैं छात्र राजनीति में था, तब से लेकर आज तक मैं पूरे भरोसे और विश्वास के साथ एक बात कह सकता हूं कि मदन राठौड़ के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा, नए उत्साह और नए जोश का संचार होगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का कुनबा और अधिक मजबूत होकर उभरेगा।

## जरूरी खबर

### ऑक्सीजन के लिए एसओपी को अंतिम रूप दिया



**जयपुर।** आरएमएससीएल ने विषय विशेषज्ञों, उद्योग विशेषज्ञों, और विभिन्न अस्पताल प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित कर अस्पतालों में स्थापित ऑक्सीजन प्लांट्स के प्रभावी संचालन के लिए एसओपी का अंतिम रूप दिया है। जल्द ही इसे प्रदेश में लागू किया जाएगा। राज्य नोडल अधिकारी (ऑक्सीजन प्रबंधन), डॉ. प्रेम सिंह ने ड्राफ्ट एसओपी में शामिल बिंदुओं के बारे में जानकारी दी। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की एसीएस शुभ्रा सिंह ने ऑक्सीजन संसाधनों की उपलब्धता और प्रभावी प्रबंधन के निर्देश दिए थे। अतिरिक्त निदेशक अस्पताल प्रशासन डॉ. सुशील परमार ने एसओपी को तकनीकी और प्लांट ऑपरेटर्स के उपयोग और सुरक्षा मुद्दों को लेकर सुझाव दिए।

### युवक को किडनैप कर लूटने वाला गिरफ्तार



**जयपुर।** मानसरोवर थाना पुलिस ने किडनैप कर पैसा ट्रांसफर करवाने वाली गैंग के मुख्य सरगना आकाश चौहान को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार बदमाश जयपुर सहित कई शहरों में लोगों को किडनैप कर उनसे पैसा ट्रांसफर करवाता था। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। मानसरोवर में हुई अपहरण और लूट की वारदात के मामले में मानसरोवर थाना पुलिस को काफी समय से आरोपी की तलाश थी। गिरफ्तार आरोपी आकाश चौहान को पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। यहां से आरोपी का रिमांड लेकर पुलिस पूछताछ करेगी।

**वाल्मीकि समाज के आंदोलन के बाद सरकार ने किया फैसला**

# पुरानी रद्द होगी, नए सिरे से होगी सफाई कर्मियों की भर्ती

बेधड़क | जयपुर

स्वायत्त शासन विभाग ने राजस्थान में 24,797 पदों पर निकाली गई सफाई कर्मचारियों की भर्ती को रद्द कर नए सिरे से भर्ती करने का फैसला किया है। सूत्रों के अनुसार सोमवार तक इसके आदेश हो जाएंगे। वाल्मीकि समाज की मांग के बाद सरकार ने मौजूदा भर्ती प्रक्रिया में बदलाव की तैयारी शुरू कर दी है।

दरअसल, राजस्थान सरकार ने 1 मार्च को प्रदेश में 24 हजार 797 पदों पर सफाई कर्मचारियों की भर्ती निकाली थी। इसके लिए प्रदेश भर में 9 लाख 20 हजार से ज्यादा आवेदन आए थे। इन आवेदनों में बड़ी संख्या में गैर वाल्मीकि समाज के युवा भी शामिल थे। इस पर वाल्मीकि समाज ने सफाई कर्मचारी भर्ती में प्राथमिकता की मांग को लेकर आंदोलन शुरू कर दिया था।



### सराफ को हड़ताल खत्म कराने की जिम्मेदारी

सरकार ने जब भर्ती नियम में संशोधन नहीं किया तो वाल्मीकि समाज ने 23 जुलाई से कार्य बहिष्कार कर हड़ताल शुरू कर दी। इसके कारण पूरे प्रदेश की सफाई व्यवस्था बिगड़ गई थी। सरकार ने इस पूरी हड़ताल को खत्म करने की जिम्मेदारी जयपुर के मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ को दी है। सराफ ने स्वायत्त शासन विभाग के अधिकारियों, हड़ताल पर गए सफाई कर्मचारियों से बातचीत कर इस पूरे मामले का ब्योरा यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा को दिया। उन्होंने मौजूदा भर्ती प्रक्रिया को रद्द कर नए सिरे से भर्ती करने का फैसला किया है। सूत्रों के अनुसार सोमवार तक इसके आदेश हो जाएंगे। संयुक्त वाल्मीकि एवं सफाई श्रमिक संघ के अध्यक्ष नंदकिशोर डंडोरिया ने कहा- वाल्मीकि समाज अपनी जायज मांग को लेकर गांधीवादी तरीके से आंदोलन कर रहा है। जब तक सरकार हमारी सभी मांगों को पूरा नहीं करती हम हड़ताल खत्म नहीं करेंगे।

### सफाई कर्मचारियों की ये हैं मांगें

- सफाई कर्मचारियों की भर्ती मस्टररोल के आधार पर की जाए। एक साल तक पहले कर्मचारी से काम करवाया जाए, उसके बाद नियुक्ति दी जाए। वाल्मीकि समाज के अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाए।
- पूर्व की जिन भर्तियों में कोर्ट में मामला विचाराधीन है या जिन पर निर्णय हो चुका है, उनमें नियुक्ति के आदेश जारी किए जाएं।

**शहर को गंदा करने वालों की अब खैर नहीं...**

# खुले में थूका, नहाए या पेशाब किया तो देना पड़ेगा जुर्माना

**निगम ने सार्वजनिक सूचना जारी कर शुरू की कचरा फैलाने वालों पर कार्रवाई की तैयारी**





बेधड़क | जयपुर

अगर आप शहर में गंदगी करते हैं तो सावधान हो जाइए, क्योंकि अब आपको ऐसा करने पर जुर्माना भरना पड़ेगा, वो भी भारी। इसके लिए नगर निगम हेरिटेज ने शनिवार को सार्वजनिक सूचना जारी कर शहर में कचरा फैलाने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए निगम ने सख्त नियम बनाए हैं। इसके तहत खुले में थूकने, नहाने और पेशाब करने पर जुर्माना लगाया जाएगा। साथ ही पालतू जानवरों के पेशाब, शौच करने और सार्वजनिक स्थान पर गोबर डालने पर 200 से 5000 हजार रुपए तक जुर्माना देना पड़ेगा।

### ... नहीं तो 50 हजार रुपए तक जुर्माना

इसके साथ ही अब प्रतिदिन 100 किलो से ज्यादा कचरा उत्पन्न करने वाले होटल, रेस्टोरेंट और धार्मिक स्थलों को भी खुद के स्तर पर कचरे का निष्पादन (ठीक तरह से हटाना) करना होगा। ऐसा नहीं करने पर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही 50 हजार रुपए का जुर्माना लगेगा। साथ ही गली में कचरा फैलाने से लेकर दुकानों के बाहर कचरा डालने, घर में कचरा इकट्ठा नहीं करने, कचरा जलाने, पालतू जानवरों के खुले में पेशाब करने, मांस मछली पकाने पर भी जुर्माना वसूले जाने का प्रावधान किया गया है।

### नियमों का पालन नहीं कर रहे लोग

जयपुर नगर निगम हेरिटेज के आयुक्त अभिषेक सुराणा ने बताया कि जयपुर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए बड़ी संख्या में शहरवासी नगर निगम का सहयोग कर रहे हैं। लेकिन काफी लोग ऐसे भी हैं, जो आज भी शहर को गंदा कर रहे हैं और स्वच्छता नियमों की पालना नहीं कर रहे हैं। उनके खिलाफ अब नगर निगम सख्ती दिखाते हुए जुर्माना वसूल कर कानूनी कार्रवाई करेगा। सुराणा ने कहा कि यह नियम नगर निगम में पिछले कई सालों से लागू हैं, जिन्हें अब सख्ती के साथ लागू कर जयपुर को जगमग और स्वच्छ सुंदर बनाने का काम किया जाएगा।

### किस गलती पर कितना जुर्माना

- सार्वजनिक जगहों पर थूकने पर 200 रुपए का जुर्माना
- खुले में नहाने पर 300 रुपए का जुर्माना
- खुले में पेशाब करने पर 200 रुपए का जुर्माना
- पालतू जानवरों द्वारा खुले में गंदगी करने पर 1000 रुपए का जुर्माना
- रोड पर कचरा फैलाने पर 100 रुपए का जुर्माना
- दुकानदारों, रेस्टोरेंट द्वारा कचरा डालने पर 1000 रुपए का जुर्माना
- सैलून द्वारा गंदगी फैलाने पर 500 रुपए का जुर्माना
- खुले में शौच करने पर 500 रुपए का जुर्माना
- सार्वजनिक स्थानों पर गोबर डालने पर 5000 रुपए का जुर्माना
- खुले में कचरा जलाने पर 500 रुपए का जुर्माना
- दुकानों पर कचरा पात्र नहीं होने पर 5000 रुपए का जुर्माना
- होटल मालिकों द्वारा खुला कचरा डालने पर 2000 रुपए का जुर्माना
- सार्वजनिक स्थान पर पोस्टर चिपकाने पर प्रत्येक पोस्टर और बैनर के लिए 2000 रुपए का जुर्माना
- रोड कट करने पर 5000 रुपए का जुर्माना
- मीट की दुकानों की गंदगी सड़क पर फैलाने पर 4000 रुपए का जुर्माना
- विवाह स्थलों द्वारा कचरा फैलाने पर 5000 रुपए का जुर्माना
- खुले में मांस-मछली पकाने पर 3000 रुपए प्रतिदिन जुर्माना।

**कॉम्पटिशन की कर रही थी तैयारी**

## घरवालों से फोन पर बात की और ...फिर 9 मंजिल से कूद गई

बेधड़क | जयपुर



प्रदेश में कोटा और जयपुर में छात्रों के सुसाइड करने का मामला थमता नजर नहीं आ रहा है। अब जयपुर के मुहाना थाना इलाके में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही एक छात्रा ने 9 मंजिला अपार्टमेंट से कूदकर आत्महत्या कर ली। 20 वर्षीय मृतका लीना सिंह बगरू की रहने वाली थी और वह अपनी बहन के साथ अपार्टमेंट में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही थी। आत्महत्या के कारणों का अभी तक पता नहीं चला है, लेकिन पुलिस का मानना है कि लीना सिंह की आत्महत्या करने से पहले फोन पर अपने माता-पिता से बात हुई थी।

मुहाना थाना प्रभारी मदन कड़वासरा ने मुकदमा दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने मृतका के पास से किसी प्रकार का सुसाइड नोट मिलने की बात से इनकार किया है। पुलिस ने बताया कि लीना सिंह अपनी बहन के साथ किराये से फ्लैट में रहकर पिछले दो साल से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही थी। शुक्रवार दोपहर को बहन के साथ फ्लैट में पढ़ाई कर रही थी। इस दौरान गांव से उसके परिजनों का फोन आ गया तो उनसे बात करने लगी। कुछ देर बाद लीला अपार्टमेंट की छत पर गई और छलांग लगा दी। नीचे गिरने पर उठी धमकाने की आवाज सुनकर अपार्टमेंट में रहने वाले लोग मौके पर पहुंचे।

लहूलुहान हालत में लीना जमीन पर पड़ी मिली। स्थानीय लोगों ने तुरंत मुहाना थाना पुलिस को सूचित किया। गंभीर हालत में लीना को तुरंत हॉस्पिटल भिजवाया गया। डॉक्टर्स ने प्राथमिक इलाज के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया। मुहाना थाना पुलिस ने परिजनों को सूचित कर पोस्टमॉर्टम करवाकर शव सौंप दिया।

**सच बेधड़क**
दैनिक हिन्दी अख़बार

**आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...**

अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं

news@sachbedhadak.com

पर E- Mail करें।

**बीलवा के शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में हुई समाधि**

## आर्यिका निरंजनमती पंचतत्व में विलीन

बेधड़क | जयपुर



बीलवा स्थित शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर, सुधर्म नंग अहिंसा ट्रस्ट के परिसर में गणिनी आर्यिका सुपार्श्वमती और गणिनी आर्यिका गौरवमती शिष्या आर्यिका निरंजनमती का यम सल्लेखना पूर्वक सम्यक समाधिमरण गणिनी आर्यिका नंगमती माताजी के सानिध्य में किया गया। इसके बाद जैन परंपराओं के अनुसार ब्रह्मचारी जिनेश भैया के निर्देशन में निरंजनमती माताजी की अंतिम डोल यात्रा निकाली गई और मन्त्रोच्चार के साथ माताजी के शरीर को पंचतत्व में विलीन किया गया। अखिल भारतीय दिगंबर जैन युवा एकता संघ अध्यक्ष अभिषेक जैन बिट्टू ने जानकारी देते हुए बताया- आर्यिका निरंजनमती माताजी को सर्व प्रथम छुल्लिका दीक्षा 15 फरवरी 2015 को गणिनी आर्यिका गौरवमती द्वारा मानसरोवर स्थित वरुण पथ जैन मंदिर पर प्रदान की गई थी। उस समय माताजी को श्रेयांशमती नाम प्रदान किया गया था। इसके बाद वर्ष 2021 में गणिनी आर्यिका गौरवमती माताजी का देवलोक हो जाने के बाद छुल्लिका श्रेयांशमती माताजी गणिनी आर्यिका नंगमती माताजी के संघ में सम्मिलित हो गई थी, नंगमती माताजी द्वारा 31 जुलाई 2024 को ही आर्यिका दीक्षा प्रदान की गई थी, तब माताजी को निरंजनमती नाम प्रदान किया गया।

**एविल के 300 इंजेक्शन की खेप के साथ युवक को पकड़ा**

## 200 रुपए में बेचता था 8 रुपए का इंजेक्शन

बेधड़क | जयपुर



ड्रग कंट्रोल डिपार्टमेंट की टीम ने जयपुर में एक ड्रग बेचने वाले युवको पकड़कर उसके पास से 300 एविल इंजेक्शन की खेप बरामद किए हैं।

डिपार्टमेंट को सूचना मिली थी कि यह व्यक्ति बिहार से इंजेक्शन लाकर कावंटिया सर्किल पर नशा करने वाले लोगों को बेचता है। सहायक औषधि नियंत्रक महेंद्र जोनवाल और औषधि नियंत्रण पूनम महिंद्रा ने भट्ठा बस्ती पुलिस के साथ इस कार्रवाई को अंजाम दिया। सहायक औषधि नियंत्रक महेन्द्र जोनवाल ने बताया कि सूचना के बाद हमारी टीम कावंटिया सर्कल पर निगरानी के लिए तैनात हो गई। युवक पहुंचा तो उसके हाथ में एक सफेद कट्टा था। उसे लेकर वह सर्किल पर घूम रहा था। जब पुलिस और हमारी टीम ने युवक को दबोचकर कट्टे की तलाशी ली तो एविल इंजेक्शन की खेप बरामद हुई। काउंटिंग में 300 इंजेक्शन और सीरिंज बरामद हुई, जो ये यहां 150 से 200 रुपए में बेचता था। जोनवाल ने बताया- इंजेक्शन के सैंपल लेकर उसे जांच के लिए लैब में भिजवाया है। बाकी खैप को जब्त कर लिया। उन्होंने बताया कि पकड़ गया युवक मोहम्मद रजा हुसैन बिहार का रहने वाला है। यहां भट्टा बस्ती में किराये का कमरा लेकर रहता है।

एक दिन पहले ही ये बिहार से ट्रेन के जरिए यहां पहुंचा। एक्सपट्र्स के मुताबिक किसी भी मरीज जिसके अचानक शरीर में किसी चीज से एलर्जी हो जाती है तो उसे कंट्रोल करने के लिए इन इंजेक्शन का उपयोग किया जाता है। ये इंजेक्शन बाजार में केवल डॉक्टर की लिखी पर्ची पर ही मेडिकल शॉप वाले देते है। बाजार में इस इंजेक्शन की कीमत 5 से 8 रुपए के बीच होती है।

**ऑल कोचिंग इंस्टीट्यूट महासंघ ने दी चेतावनी**

# कोचिंगों पर अवैध सीज की कार्रवाई बंद नहीं की तो आमरण अनशन

बेधड़क | जयपुर

ऑल कोचिंग इंस्टीट्यूट महासंघ ने नगर निगम की कार्रवाई के खिलाफ शनिवार को जयपुर में मीडिया से बात की। उन्होंने कहा कि कोचिंग संचालकों पर नगर निगम की ओर से की जा रही कार्रवाई अवैध है। पहले नगर निगम अपने मुख्यालय के बेसमेंट में चल रहे मलेरिया डिपार्टमेंट और आधार कार्ड के काम को रोके। पहले अपनी एनओसी को दुरुस्त करे। उसके बाद समाज के निर्माण में अहम भूमिका निभाने वाले शिक्षकों को नियम का पाठ पढ़ाए। कोचिंग जगत में देश की सबसे अच्छी व्यवस्था देने वाले जयपुर शहर को बदनाम करने की साजिश की जा रही है। अगर प्रशासन अवैध तरीके से की जा रही सीज की कार्रवाई को जल्द नहीं रोकती है तो कोचिंग महासंघ आमरण अनशन करेगा।

उन्होंने आरोप लगाया कि बिना नोटिस और समय दिए संवैधानिक शब्दों का उपयोग करते हुए कोचिंग संचालकों को डराया धमकाया जा रहा है। इसका असर जयपुर में उच्च प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे लाखों छात्रों पर पड़ रहा है। प्रदेशभर के अभिभावक इस कार्रवाई से भयंकर रूप से मानसिक पीड़ा से संतृप्त हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए हम सारे कोचिंग संचालक सोमवार को मुख्यमंत्री से मिलकर मदद की गुहार लगाएंगे।



### एक जगह समस्या का मतलब सब जगह नहीं

ऑल कोचिंग इंस्टीट्यूट महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष आरसी शर्मा ने बताया- जयपुर में बेसमेंट काम में नहीं लिए जाते है। कुछ जगह पर है तो वहां वैसे इंतजाम किए गए हैं, लेकिन एक जगह कोई ऐसी समस्या आ गई तो इसका मतलब यह नहीं है। यह समस्या पूरे इंडिया में आ जाएगी। बहुत सारी समस्याएं आती रहती हैं। इससे कई लोग मर जाते हैं। इसका मतलब यह नहीं है कि कोचिंग को इस तरीके से बंद कर दिया जाए। इस समस्या के समाधान के लिए कोचिंग को टाईम मिलना चाहिए। नगर निगम के अधिकारियों को सेमिनार के जरिए इसके समाधान पर बात की जानी चाहिए। उन्होंने कहा- फायर सिस्टम लगभग सभी संस्थानों ने लगा रखा है। जो छोटी मोटी कमियां है, उसे भी दूर करेंगे। इसके लिए पर्याप्त समय मिलना चाहिए। दूसरा जो यहां कोचिंग हब बना हुआ है। वहां कॉमर्शियल रेट से जमीनें दी जा रही है। वह रियायती दर पर होना चाहिए।

### कार्रवाई गलत नहीं, तरीका गलत

ऑल कोचिंग इंस्टीट्यूट महासंघ के जनरल सेक्रेटरी अजय अग्रवाल ने बताया- निगम की ओर से कार्रवाई होना गलत बात नहीं है, कार्रवाई का तरीका गलत है। इसके लिए हमारे संगठन के सदस्यों को बुलाकर एक मीटिंग करनी चाहिए थी। अगर कोई कोचिंग संस्थान एक क्लास के अंदर 400-500 बच्चे बिठाकर पढ़ा रहा है। तो यह गलत है। हम इसका समर्थन नहीं करते है। संगठन हमेशा नॉर्म्स के साथ है।

### मानसिक अवसाद में हैं छात्र-संचालक

कोचिंग महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष अनीश कुमार ने अनीष कुमार ने आमरण अनशन की चेतावनी देते हुए बताया कि सरकार की इस कार्रवाई से एक ओर जहां कोचिंग संचालकों में भय का वातावरण है। वहीं सीज कर दी गई कोचिंग्स के छात्र भयानक मानसिक अवसाद से गुजर रहे हैं। महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया- पिछली सरकार ने कोचिंग माफियाओं तथा पेपर लीक माफिया के साथ मिलकर कोचिंग हब को फेल कर दिया। अब इस सरकार में पेपर लीक माफियाओं के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जा रही है। हम आशा करते हैं कि, भजनलाल सरकार जल्द ही कोचिंग हब को सफल करने के लिए नए सिरे से कोचिंग हब की रियायती दर तय कर देश के प्रथम कोचिंग हब को सफल करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। कोचिंग महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष आरसी शर्मा ने रविवार 4 अगस्त को जयपुर के सभी कोचिंग संचालकों की आपात मीटिंग की घोषणा की है। इसके बाद सोमवार को मुख्यमंत्री आवास में जाकर सीज की गई कोचिंग्स को खुलवाने और नोटिस को रद्द करने तथा कोचिंग हब में रियायती दर स्थापित करने की मांग की जाएगी।

## जरूरी खबर

### मंदिर लूट मामले में 6 दोषियों को 8 साल की सजा



**सिरोही।** जिले के आबूरोड एडीजे -2 कोर्ट ने शुक्रवार को लूट और डकैती के मामले में अहम फैसला सुनाते हुए 6 आरोपियों को दोषी करार दिया। कोर्ट ने दोषियों को 8-8 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। एपीपी दिनेश खंडेलवाल ने बताया की वर्ष 2017 में आबूरोड सदर थाना क्षेत्र के उमरनी में स्थित भद्रकाली मंदिर में आरोपियों ने मुनीम देवीसिंह के साथ मारपीट कर लूट और डकैती की वारदात को अंजाम दिया था। मामले में अभियोजन की ओर से 28 गवाहों के बयान करवाए गए।

### जोधपुर में जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता आज

**जोधपुर।** जिला स्तरीय सीनियर पुरुष व महिला वर्ग शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन चार अगस्त को विद्याशाला स्कूल के पास श्रीमाली समाज न्याति भवन शिव बाड़ी में किया जाएगा। आयोजन सचिव मनोज त्रिवेदी व राजस्थान शतरंज संघ के संयुक्त सचिव रविंद्र सिंह सिसोदिया ने बताया कि चयनित खिलाड़ी आठ अगस्त से अजमेर में होने वाली राजस्थान सीनियर शतरंज प्रतियोगिता में जोधपुर का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत



**बीकानेर।** जिले के नापासर पुलिस थानांतर्गत एक युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई है। शव को सेवादारों की मदद से पीबीएम अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया गया है। सूचना मिलने के बाद मौके पर खिदमतगार खादिम के शोएब भाई, हाजी नसीम और असहाय सेवा संस्थान के राजकुमार खडगावत. मो.जुनैद खान, असहाय सेवा संस्थान के ताहिर हुसैन, अब्दुल सत्तार रमजान भाई पहुंचे। पुलिस अधिकारियों की निगरानी में एंबुलेंस से पीबीएम के ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया वहां डॉक्टरी मुआयना करवाके इसको मोर्चरी में शिफ्ट करवाया। पुलिस ने शव की शिनाख्त कर ली है। मृतक नेपाल का रहने वाला बताया जा रहा है। इसका नाम द्वारका प्रसाद उपाध्याय पुत्र हरिप्रसाद उपाध्याय बताया जा रहा है।

## कलासुआ का कुआं में चौराहे पर संचालित होती हैं पहली से आठवीं तक की कक्षाएं

# 6 अध्यापक और 61 विद्यार्थी... कक्षा के नाम पर एक कमरा

**बेधड़क** | डूंगरपुर

एक ओर जहां राज्य सरकार शिक्षा के क्षेत्र में बढ़ावा देने के लिए नित नए प्रयोग कर नए आयाम स्थापित करना चाहती है, लेकिन आसपुर ब्लॉक में इसके उलट अलग ही नजारे देखने में आ रहा है।

ब्लॉक शिक्षा आसपुर के इंदौडा पीईओ के अंतर्गत कलासुआ का कुआं को प्राइमरी से मिडिल स्कूल में मार्च-2023 को क्रमोन्नत किया गया था, जिसमें वर्तमान में 61 बच्चे अध्ययनरत है। क्रमोन्नति के बाद विभाग ने आनन-फानन में छह शिक्षकों का स्टाफ भी दे दिया, लेकिन कक्षा-कक्षों के अभाव में छात्रों की पढ़ाई बाधित हो रही है।



पूर्व में एक कमरे में प्राइमरी कक्षाएं संचालित हो रही थीं, उसी एक कमरे को मिडिल स्कूल में क्रमोन्नत कर सरकार ने वाहवाही लूट ली, लेकिन कभी चौराहे पर तो कभी पेड़ों की छांव में बिठाकर बच्चों को पढ़ाई करवाने को अध्यापक भी मजबूर है।

### मार्च 2023 में क्रमोन्नत हुई थी स्कूल

इस संबंध में कार्यवाहक संस्थाप्रधान राजेंद्र सिंह राठौड़ का कहना है कि मार्च 2023 में स्कूल क्रमोन्नत हुई थी। एक कमरे से काम चलाया जा रहा है। वहीं सीबीईओ आसपुर नवीन प्रकाश जैन ने बताया कि स्टाफ पर्याप्त है, लेकिन एक कमरे से काम चला रहे हैं। हमने प्रस्ताव भेजे हैं। स्वीकृति आएगी तब ही कुछ हो पाएगा।




### बरसात में सभी बच्चों को बैठा देते हैं एक साथ

विद्यालय में अध्यापकों और बच्चों के बैठने के लिए पर्याप्त नहीं है। बच्चों को बरसात के मौसम में एक साथ बिठाकर पढ़ाई करवाई जाती है। बरसात रुकते ही चौराहे पर बिठा दिया जाता है। ऐसे में बच्चों व अध्यापकों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ता है। एक और ब्लॉक में कहीं-कहीं स्कूल में शिक्षकों का खासा अभाव है। बच्चों के अनुपात में अध्यापक नहीं है, लेकिन कलासुआ का कुआं में क्रमोन्नति के तत्काल बाद चार अध्यापक और दे दिए। वर्तमान में 61 बच्चों को पढ़ने के लिए छह का स्टाफ लगा हुआ है।

## प्रदेश में अलग-अलग सड़क हादसों में 6 की मौत, 60 घायल

# गाय को बचाने के चक्कर में पलटी SUV, 4 की गई जान

**बेधड़क** | जयपुर/ बारां/ कोटा/ सिरोही/ दौसा


प्रदेश के अलग-अलग सड़क हादसों में 6 की मौत हो गई, जबकि 60 लोग घायल हो गए। घायलों का अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उनका उपचार चल रहा है। बारां जिले के राष्ट्रीय राजमार्ग 27 पर शुक्रवार देर रात हुए सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि छह लोग घायल हो गए। घायलों को किशनगंज के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

भंवरगढ़ कस्बे से दो किमी पहले बारां की ओर से केलवाड़ा की तरफ जा रही एक जीप के



आगे अचानक गाय आ जाने से यह हादसा हुआ। अचानक गाय आने से वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। एएसपी राजेश चौधरी ने बताया कि घटना शुक्रवार रात भंवरगढ़ थाना क्षेत्र के रामपुरिया के पास नेशनल हाईवे 27 की है। हाईवे से जीप गुजर रही थी। इस दौरान अचानक मवेशी सामने आ गया। उसे बचाने के चक्कर में जीप का बैलेंस बिगड़ गया। जीप पलटने से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार लोग फंस गए। जीप में फंसे लोगों की चीख सुनकर आस-पास के लोग मदद के लिए दौड़े। कड़ी मशक्कत के बाद सभी को बाहर निकाला गया। हादसे में जीप सवार रामपुर निवासी फूलचंद पुत्र तुलसीराम, हरिचरण मेहता, लाखन पुत्र फागू सहरिया, एमपी के बमोरी राजू सहरीया की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में लाखन और फूलचंद रिश्तेदार थे। फूलचंद लाखन का मामा था। हादसे में मुरली, माखन, हेमराज, गौरा बाई, आनंद, फागू, श्रवण, पुरुषोत्तम सहित अन्य लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को हॉस्पिटल पहुंचाया गया। डीएसपी ओमेंद्र सिंह शेखावत, एसपी राजकुमार चौधरी, कलेक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर ने भी किशनगंज हॉस्पिटल पहुचंकर घायलों से जानकारी ली। रामगढ़ क्षेत्र के किशनाईपुरा गांव से अपनी बहन को लेने यह सभी लोग गए हुए थे कि वापस लौटते समय भंवरगढ़ कस्बे से पहले यह हादसा हो गया। अचानक गाय सामने आ जाने से ड्राइवर ने ब्रेक लगा दिए। इससे गाड़ी अनियंत्रित होकर कई बार पलट गई।

### ट्रक ड्राइवर ने लगाया ब्रेक, पीछे से घुसी कार... दो दोस्तों की मौत



**कोटा।** रानपुर थाना इलाके में शुक्रवार देर रात ढाबे पर खाना खाकर लौट रहे पांच दोस्तों की कार रास्ते में आगे चल रहे ट्रक ड्राइवर के अचानक ब्रेक लगाने से उसमें जा घुसी और मौके पर ही दो दोस्तों की मौत हो गई, वहीं तीन घायल हो गए। एसआई भीम सिंह ने बताया कि टक्कर के बाद कार का आगे का हिस्सा पूरी तरह से पिचक गया। राहगीरों ने बड़ी मुश्किल से कार में फंसे युवकों को बाहर निकाला और मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने धीरज सिंह (22) निवासी अटरू जिला बारां और अरबाज (22) निवासी बॉम्बे योजना कोटा को मृत घोषित कर दिया। मृतक युवक धीरज सिंह के मौसरे भाई महिपाल ने बताया कि धीरज, अरबाज, दीप सिंह, जसराज और फैजल पांचों दोस्त है। पांचों दीप सिंह की कार से बूंदी रोड स्थित शेखावटी ढाबे पर खाना खाकर शुक्रवार रात करीब डेढ़ बजे बारां लौट रहे थे। कार को दीप सिंह चला रहा था। एनएच 52 पर हैंगिग ब्रिज से आगे बंधा धर्मपुरा पुलिया और झालावाड़ पुलिया के बीच में कार के आगे एक ट्रक चल रहा था। ट्रक ड्राइवर ने अचानक से ब्रेक लगा दिया। कार का बैलेंस बिगड़ने पर ट्रक में जा घुसी। उस दौरान ड्राइवर ने ट्रक बेक में ले लिया। इससे कार सवार चार दोस्त अंदर फंस गए। इसी दौरान फैजल उछलकर बाहर आ गया। हादसे के बाद ट्रक ड्राइवर मौके से भाग गया। हादसे के बाद मौके से गुजर रहे लोगों की भीड़ लग गई। घायल दीप सिंह ने मिलने वालों को फोन कर घटना की सूचना दी। सूचना पर अरबाज के परिजन मौके पर पहुंचे और लोगों की मदद से घायलों को कार से निकालकर मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल लेकर गए। महिपाल ने बताया कि धीरज कॉलेज में पढ़ाई के साथ-साथ फाइनेंस कंपनी में रिकवरी का काम व अरबाज पुताई का काम करता था।

## अंबाजी जाते समय हुआ हादसा

### नदी में पलटी बस, 42 घायल



**सिरोही।** जिले के आबूरोड रीको थाना क्षेत्र स्थित अंबाजी रोड पर शनिवार को सुरपगला के पास एक बस अनियंत्रित होकर नदी में पलट गई। हादसे में 42 लोग घायल हो गए। सीओ पुष्पेंद्र वर्मा ने बताया कि गुजरात के हिम्मतनगर निवासी लोग रामदेवरा दर्शन के बाद अंबाजी जा रहे थे। तभी बस सुरपगला के पास मोड़ पर अनियंत्रित होकर पलट गई और नदी में गिर गई। घायलों को बस से निकाल कर आबूरोड के राजकीय अस्पताल लाया गया, जहां से 15 लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद सिरोही के लिए रेफर किया गया है। घटना की जानकारी मिलने पर एसडीएम विरमाराम, सीओ पुष्पेंद्र वर्मा, तहसीलदार मंगलाराम सहित आलाधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने हादसे में घायल लोगों के बारे में जानकारी ली।

## खाटूश्यामजी दर्शन के लिए जा रहे थे भक्त

### बस और ट्रक की भिड़ंत में 9 जखमी




**दौसा।** जिले के सदर थाना क्षेत्र में शनिवार को भीषण सड़क हादसे में बस सवार 9 लोग घायल हो गए, जिन्हें सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची सदर थाना पुलिस ने एंबुलेंस की सहायता से जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जिले के सदर थाना प्रभारी हवा सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश के सिंडोली से खाटूश्याम जी दर्शनों के लिए जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही बस हादसे का शिकार हो गई। कालाखो के पास एक मिनी ट्रक खराब होने के कारण सड़क के किनारे खड़ा हुआ था। इसी दौरान सिकंदरा की तरफ से आ रही बस ने मिनी ट्रक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद बस में मौजूद सवारियों में चीख-पुकार मच गई। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंचे लोगों ने बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला और अस्पताल में भर्ती कराया।

## अंगदान दिवस पर जागरूकता सम्मेलन

# जोधपुर में 22 महिला-पुरुषों ने की देहदान की घोषणा




**बेधड़क** | जोधपुर

राष्ट्रीय अंगदान दिवस के उपलक्ष में वंदे भारत सेवा संस्थान द्वारा अंगदान जागरूकता सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ करते हुए विनोद आचार्य ने सभी आंगतुकों एवं अतिथियों का स्वागत किया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. सुरेंद्र सिंह राठौड़ नेफ्रोलॉजिस्ट एम.डी.एम. हॉस्पिटल थे। उन्होंने सभी आंगतुकों को नेत्रदान, देहदान और अंगदान करने की प्रक्रिया के बारे में अवगत कराया। उन्होंने कहा कि अंगदान ब्रेन डेड की परिस्थिति में परिवारजनों की सहमति से किया जाता है। उन्होंने बताया कि एक व्यस्क व्यक्ति अपने लीवर, किडनी, हार्ट एवं आंखें दान कर सकता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. राम गोयल ने सभी आए आंगतुकों को अपने अनुभव से इस अंगदान की महत्ता को विस्तार से समझाया।

वंदे भारत सेवा संस्थान के संरक्षक उम्मेद राज जैन ने बताया कि कार्यक्रम में 22 महिला व पुरुषों ने अंगदान करने की घोषणा की। मीडिया प्रभारी अनिल कोठारी ने बताया कि वंदे भारत सेवा संस्थान के संरक्षक सुरेश डोसी के मार्गदर्शन में संयोजक विजय अरोड़ा, सचिव नरेंद्र सिंह राठौड़, कोषाध्यक्ष गौतम कटारिया, कुश सिंघवी, रतन माहेश्वरी, मनोज जैन, मोहसिन खान आदि ने सारी व्यवस्थाओं का सफलतापूर्वक संचालन किया। कार्यक्रम का मंच संचालन विनोद आचार्य ने किया।

## एंबुलेंस की आड़ में मादक पदार्थ की तस्करी

### सवा करोड़ का डोडा चूरा जप्त

**चित्तौड़गढ़।** जिले की रावतभाटा थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एंबुलेंस में तस्करी किया जा रहा सवा करोड़ रुपए से अधिक कीमत का 851 किलो अवैध डोडा चूरा जब्त किया है। पुलिस के पीछे लगने पर एंबुलेंस सवार तस्कर गाड़ी को जंगल के पास रोड पर छोड़ बारिश व घने जंगल की आड़ लेकर फरार हो गया, जिसकी पुलिस तलाश कर रही है। एसपी सुधीर जोशी ने बताया कि जिले में अवैध मादक पदार्थ की तस्करी की रोकथाम एवं आरोपियों की धर पकड़ के लिए निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भगवत सिंह हिंगड़ व सीओ प्रभु लाल कुमावत के सुपरविजन में एसएचओ रायसल सिंह मय टीम द्वारा रावतभाटा हॉस्पिटल के पास लोकल स्पेशल एक्ट की कार्वाई की जा रही थी। इसी दौरान एक एंबुलेंस तेज गति से निकली। संदिग्ध लगने पर पुलिस ने पीछा किया तो एंबुलेंस सवार तस्कर गांव जावरा कला से आगे जंगल में एंबुलेंस को छोड़ भाग गया। तलाशी में 40 प्लास्टिक के कट्टों में भरा 851 किलो 270 ग्राम अफीम डोडा चुरा मिला।

## तलवार-डंडे साथ रखने पर बैन

# राजस्थान बॉर्डर में डीजे नहीं बजा सकेंगे कांवड़िए, कांवड़ की ऊंचाई भी तय

**बेधड़क** | धौलपुर

कांवड़िये राजस्थान बॉर्डर में डीजे नहीं बजा सकेंगे। धौलपुर कलेक्टर ने कांवड़ की ऊंचाई भी तय कर दी है। साथ ही तलवार-डंडे साथ रखने पर भी बैन लगा दिया है।

जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्रीनिधि बीटी ने जिले के कांवड़ यात्रियों से राज्य सरकार की ओर से जारी एडवाइजरी की पालना करने का आह्वान किया है। वाहन में बैठे कांवड़ यात्रियों की सूची एवं यात्रा विवरण अपने वाहन में अवश्य लगाए। निर्धारित घाटों पर ही स्नान करें। अन्यत्र स्नान करने पर दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। यात्रा के दौरान अपने साथ हॉकी, बेसबॉल, स्टिक, तलवार, नुकीले भाले, लाठी, डंडे इत्यादि लेकर न आए। कांवड़ यात्रा को लेकर धौलपुर कलेक्टर के आदेश के बाद नया विवाद शुरू हो गया है। उत्तर प्रदेश व मध्य प्रदेश की ओर से जिले की सीमा में प्रवेश करने वाले कांवड़िये अब डीजे नहीं बजा सकेंगे। कांवड़ की ऊंचाई और हथियार रखने को लेकर भी गाइडलाइन जारी की है।

### बजरंग दल ने किया विरोध

कलेक्टर के आदेशों को लेकर बजरंग दल के सहसंयोजक राम शर्मा ने बताया कि कावड़ यात्री अपनी सुरक्षा के लिए लाठी और डंडे लेकर चलते हैं। संयोजक ने बताया कि रात के समय कावड़ यात्रियों से असामाजिक तत्वों द्वारा अभद्रता की जाती है। ऐसे में उनसे बचने के लिए यात्री अपने साथ लाठी-डंडे रखते हैं। कलेक्टर की आदेशों का विरोध करते हुए उन्होंने कहा है कि अगर प्रशासन कांवड़ यात्रियों को पुख्ता सुरक्षा मुहैया कराता है तो प्रशासन के आदेश सर्वमान्य है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में कांवड़ यात्री खुद अपनी सुरक्षा के साथ निकल रहे हैं। उनकी सुरक्षा के लिए अभी तक कोई भी इंतजाम नहीं दिखे हैं।

### धौलपुर से लगती है यूपी और एमपी की 27 किमी की सीमा

सावन महीने में उत्तर प्रदेश के सौरोंजी और उत्तराखंड के हरिद्वार व कर्णप्रयाग से बड़ी संख्या में श्रद्धालु कावड़ लेकर अपने-अपने क्षेत्र में स्थित भोले बाबा के मंदिरों पर पहुंचते हैं। मध्य प्रदेश जाने वाले कांवड़ यात्री धौलपुर से होकर गुजरते हैं। इस कारण सावन महीने में आगरा-मुंबई हाईवे पर बड़ी संख्या में कांवड़िये देखे जा सकते हैं। यूपी और एमपी के बीच करीब 27 किलोमीटर का हिस्सा धौलपुर जिले की सीमा को लगता है। इसमें सबसे पहले उत्तर प्रदेश बॉर्डर पर स्थित बरैठा चौकी आती है। इसके बाद मनियां थाना, सदर थाना, निहालगंज थाना, ट्रैफिक पुलिस, कोतवाली थाना क्षेत्र आता है। सबसे अंत में मध्य प्रदेश बॉर्डर पर स्थित सागर पाड़ा चौकी लगती है, जिन्हें पार करने के बाद कांवड़िए मध्य प्रदेश की ओर निकलते हैं। इन आदेशों के अनुसार कांवड़ यात्री को इस 27 किमी की सीमा में जारी किए सभी आदेश की पालना करनी होगी।



### सरकार ने जारी की एडवाइजरी

यात्रा के समय मादक पदार्थों का सेवन न करें। कांवड़ की ऊंचाई 7 फीट से अधिक न रखें। रेलगाड़ी एवं अन्य वाहनों की छतों पर यात्रा न करें। पुलों से छलांग लगाकर स्नान न करें। कांवड़ में डीजे एवं लाउडस्पीकर आदि का प्रयोग न करें। संदिग्ध या लावारिस वस्तुओं को न छुएं, इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें। किसी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और न ही फैलाएं। प्लास्टिक व प्लास्टिक से बने उत्पादों का प्रयोग न करें। यात्रा के दौरान अपनी मोटर साइकिल का साइलेंसर उतारकर न चलाए। उल्लेखनीय है कि राज्य के गृह विभाग की ओर से कांवड़ यात्रियों की सुखद यात्रा के लिए एडवाइजरी जारी की है। हरिद्वार आने वाले पैदल कांवड़ यात्री कांवड़ पटरी का ही प्रयोग करें। कांवड़ यात्री अपना पहचान-पत्र अथवा आधार कार्ड अथवा ड्राइविंग लाइसेंस अवश्य साथ रखें। यात्री अपना वाहन निर्धारित पार्किंग में ही पार्क करें अन्यथा एमवी एक्ट के अंतर्गत की जाएगी। यात्री अराजक तत्वों से सावधान रहें।

## नवप्रवेशार्थियों के स्वागत सत्कार के लिए विवेकानंद ग्लोबल युनिवर्सिटी तैयार

# 'आरंभ 2024' के साथ होगी वीजीयू में नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत

**बेधड़क** | जयपुर




प्रदेश की पहली नेक ए प्लस प्राइवेट युनिवर्सिटी और प्रदेश में तीसरी टॉप रैंक विवेकानंद ग्लोबल युनिवर्सिटी में नए शिक्षण सत्र का आगाज ओरिएंटेशन सेरेमनी 'आरंभ 2024' के साथ 5 अगस्त से शुरू होने जा रहा है। चार दिवसीय इस बहुप्रतीक्षित ऑन बोर्डिंग और ओरिएंटेशन कार्यक्रम के अवसर पर वीजीयू कैंपस उत्सवी माहौल से सराबोर रहेगा। इसमें नवप्रवेशार्थी विद्यार्थियों के स्वागत सत्कार के साथ उन्हे वीजीयू के शैक्षणिक माहौल, शिक्षकों से संवाद और विभिन्न उपलब्ध संसाधनों से रूबरू कराया जाएगा। नव प्रवेशार्थियों के लिए विशेष सत्रों में पैनल डिस्कसन, व्याख्यान, प्रजेंटेशन आयोजित किए जाएंगे। जिसमें वरिष्ट आईएएस अधिकारियों, शिक्षाविदों और वीजीयू के पूर्व एल्यमनी उनका मार्गदर्शन करेंगें। कार्यक्रम में देश के विभिन्न हिस्सों के साथ अन्यु कई देशों से लगभग 7000 से अधिक नए छात्र और उनके अभिभावक शामिल होंगे।

### मेहमान नवप्रवेशार्थी की अगवानी के लिए वीजीयू में तैयारियों को दिया अंतिम रूप

वीजीयू प्रशासन की ओर से ओरियंटेशन कार्यक्रम की तैयारियां को लेकर अंतिम रूप दिया गया। हर तरफ उल्लास और खुशी का माहौल है। नए मेहमानों की तरह नवप्रवेशार्थियों की अगवानी के लिए वीजीयू परिवार का हर सदस्य का उत्सुक है। इस अवसर पर वीजीयू के सीईओ इंजी ओंकार बगरिया ने अपने संदेश में कहा कि 5 अगस्त से शुरू होने वाल आरंभ 2024 कार्यक्रम केवल एक ओरिएंटेशन ही नहीं है, बल्कि शैक्षणिक महोत्सव है। हम अपने विद्यार्थियों को शिक्षण सत्र के पहले दिन से उन्हें एक उत्कृष्ट शिक्षा के साथ शांत, स्वस्थ और अनुशासित माहौल प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। जिससे उनकी सफलता की नींव रखी जा सके। यह संस्थान अपने सुनियोजित ओरिएंटेशन कार्यक्रम के प्रयासों से यह सुनिश्चित करता है कि नए छात्र आत्मविश्वास और स्पष्टता के साथ अपनी शैक्षिक यात्रा शुरू करें।

### प्रवेश के लिए कल अंतिम तिथि ऑनलाईन-डिस्टैंस कोर्स उपलब्ध

इसके साथ ही वीजीयू ने घोषणा की है कि सीयूइटी के स्कोर के अनुसार आवेदन करने की अंतिम तिथि 4 अगस्त है। वीजीयू अनप्रयुकुत विज्ञान, इंजीनियरिंग, प्रबंधन, पत्रकारिता, डिजाइन, काननू , कृषि, वाणिज्य, मानविकी, चिकित्सा विज्ञान, फार्मास्यिटुकल विज्ञान, और कंन्प्यूटर साइंस विभिन्न क्षेत्रों में स्नातक, स्नातकोत्तर और अनुसंधान आदि विभिन्न विषयों की अध्ययन की एक विस्तृत कार्यक्रम प्रदान करता है। विश्वविद्यालय ऑनलाइन और एवं दूरस्थ कार्यक्रम भी प्रदान करता है, जो विद्यार्थियों की विभिन्न शैक्षणिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए रूचि के अनुसार अध्ययन विकल्प प्रदान करता है।

## तीरंदाज दीपिका कुमारी ने बनाई जगह

**नई दिल्ली।** भारतीय तीरंदाज दीपिका कुमारी ने शनिवार को पेरिस 2024 ओलंपिक में अपने 1/8 एलिमिनेशन राउंड मैच में जीत हासिल कर क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया है। दीपिका ने जर्मनी की मिशेल क्रॉपेन को 6-4 से हराया और पदक की ओर एक और कदम बढ़ाया। 30 वर्षीय दीपिका ने पहला सेट 27-24 से जीता, जब उनकी प्रतिद्वंद्वी ने पहले प्रयास में सिक्स पॉइंट्स ही मारा पाईं। दूसरा सेट बराबरी पर आ गया, क्योंकि दोनों तीरंदाजों ने 27 का स्कोर बनाया। इसके बाद दीपिका ने तीसरा सेट 26-25 से जीता, लेकिन क्रॉपेन ने शानदार वापसी करते हुए चौथा सेट 29-27 से जीत लिया।



## राजस्थान विवि में छात्रों की मदद को तैयार छात्रनेता और संगठन

# छात्रसंघ चुनाव से अलग एक सकारात्मक तस्वीर यह भी...

**बेधड़क** | जयपुर




राजस्थान विश्वविद्यालय में इन दिनों नए प्रवेश लेने वाले छात्राओं की काउंसलिग की जा रही है। इस बीच तमाम छात्र संगठन और छात्र प्रतिनिधि लगातार विश्वविद्यालय में काउसलिंग के लिए आने वाले अभ्यर्थियों की मदद के लिए केनोपी लगा कर उनको आने वाली समस्याओं का समाधान कर रहे है। यह तस्वीर उस समय और अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है। जब अभी तक यह भी यह नहीं हुआ है कि राजस्थान विश्वविद्यालय में चुनाव होंगे भी या नहीं..इसके बावजूद भी इस तरह से छात्र संगठन और छात्र नेताओं का सक्रिय होना एक सकारात्मक संदेश दे रहा है।

### इनका कहना है

केवल राजस्थान विवि में ही नहीं अपितु संगठन कॉलेज में NSUI छात्र सहायता शिविर लगाकर आम विद्यार्थियों की एडमिशन एवं अन्य मदद करती है। इसका चुनाव से कोई सरोकार नहीं है क्योंकि कोरोना कल में जब चुनाव नहीं हुए थे तब भी लगातार NSUI के कार्यकर्ता आम विद्यार्थियों की मदद के लिए विवि के मुख्य द्वार पर तैनात खड़े थे। - **रमेश भाटी,** राष्ट्रीय प्रवक्ता, NSUI

प्रवेश सहायता शिविर के माध्यम से विद्यार्थी परिषद देश भर में छात्रों की सहायता करती है उन कैम्पस में भी जहां छात्रसंघ चुनाव नहीं होते ,चुनाव चाहे हो या नहीं हो विद्यार्थी परिषद निःस्वार्थ भाव से प्रत्येक कैम्पस में 365 दिन छात्र सेवा करती हैं, क्योंकि कैम्पस में विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों में प्रशासन की तरफ से प्रवेश प्रक्रिया के दौरान कोई व्यवस्था नहीं की जाती है इसलिए परिषद प्रदेश सहायता शिविर लगाती है। - **भारत भूषण यादव,** CWC सदस्य, एबीवीपी, राजस्थान विश्वविद्यालय

प्रवेश प्रक्रिया में नव आगंतुक छात्र छात्राओं को प्रवेश प्रक्रिया में आने वाली समस्याओं का हेल्प डेस्क के माध्यम से समाधान करवाया। क्योंकि विवि की प्रवेश प्रक्रिया बहुत जटिल है जैसे की एबीसी आईडी बनाना और वेबसाइट के माध्यम से फीस भरना, इन सब का समाधान हम कर रहे हैं। -**नीरज खीचड़,** छात्र प्रतिनिधि, राजस्थान विवि

एडमिशन प्रक्रिया में विवि प्रशासन द्वारा कोई भी उचित व्यवस्था नहीं की जाती है हम एडमिशन लेने आ रहे छात्रों कि मदद करते है और एडमिशन करवाते है। -**किशोर चौधरी,** ईकाई अध्यक्ष NSUI, राजस्थान विवि

## अवैध कोचिंग सेंटर्स के खिलाफ सरकार को लिखा है पत्र : सिंह




**बेधड़क** | जयपुर

आवासन आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने शनिवार को राजस्थान आवासन मण्डल मुख्यालय पर सभी सर्किल्स एवं डिविजन्स में आवासीय योजनाओं एवं अन्य महत्वपूर्ण विचारणीय बिन्दुओं के संबंध में पाक्षिक बैठक ली। इस दौरान उन्होंने कहा कि शहर में अवैध रूप से संचालित कोचिंग सेंटर्स पर कार्रवाई करने के लिए सरकार को पत्र लिखा है। कोचिंग हब में एक ही छत के नीचे सभी सुख सुविधाएँ मिलती है जो इसे सभी कोचिंग संस्थान के लिए सबसे बेहतर और सुरक्षित विकल्प बनाता है। मण्डल द्वारा भी कोचिंग संस्थानों से संवाद स्थापित कर उन्हें कोचिंग हब की जानकारी दी जाएगी व कोचिंग हब में निवेश के लिए प्रेरित किया जाएगा। बैठक में मुख्य अभियंता मुख्यालय डी.एस. मीना ,मुख्य अभियंता-प्रथम अमित अग्रवाल, मुख्य संपदा प्रबंधक प्रवीण अग्रवाल सहित वरिष्ठ अधिकारी एवं अभियंता उपस्थित रहे। इससे पहले आवासन आयुक्त ने उप आवासन, वृत्त एवं खण्ड कार्यालयों के डिजिटलाईजेशन पर विशेष दिशा-निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि आवासों से संबंधित प्रकरणों के निस्तारण में अभियंताओं द्वारा ई-सिगनेचर का उपयोग हो ताकि जरूरतमंद आवेदकों को आवास समय पर उपलब्ध हो सके। सिंह ने मण्डल की आवासीय योजनाओं का प्रदेशभर में विस्तार करने के उद्देश्य से जिलों में भूमि चिन्हित एवं अवाप्त करने के प्रस्ताव मुख्यालय प्रेषित करने के निर्देश भी दिए।

## Yuva स्टोरीज

### सीएम मान ने हरमनप्रीत को कहा- 'गोल्ड लेकर आना'

**बेधड़क** | चंडीगढ़

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने ओलिंपिक खेलने पेरिस पहुंची इंडियन हॉकी टीम से फोन पर बातचीत कर उन्हें आने वाले मैचों के लिए शुभकामनाएं दी हैं। इसके साथ ही उन्होंने उनके पेरिस ना जा पाने पर दुख जताया, लेकिन प्रॉमिस किया है कि वे उनके वापस लौटने पर एयरपोर्ट पर रिसीव करने जरूर पहुंचेंगे। सीएम भगवंत मान की बातचीत हॉकी टीम के कैप्टन हरमनप्रीत सिंह से हुई। सीएम भगवंत मान ने उनसे बीते 5 मैचों के बारे में बातचीत की। सीएम भगवंत मान ने कहा- बहुत अच्छा, एक दो बार ऐसा हुआ कि अभिषेक व आप गलत समय पर बाहर बैठे थे। दो पेनाल्टी कॉर्नर आपके बिना लेने पड़ गए। लेकिन बहुत मुबारक वाली बात है कि 52 सालों के बाद जर्मनी को ओलिंपिक में हराया है। उन्होंने कहा कि, मैंने भी आना था आपके हौसले बढ़ाने, लेकिन मुझे आने ही नहीं दिया। पॉलिटिकल क्लीयरैंस नहीं दी। शनिवार रात और शुक्रवार वाले क्वार्टर फाइनल को देख सकते, लेकिन सेंट्रल सरकार कहती, नहीं जा सकते आप। मैं पहुंच नहीं सकूंगा, लेकिन आपके साथ हैं।

## आयुर्वेद औषधियों के गुणवत्ता नियंत्रण मापदंडों पर प्रशिक्षण आयोजित



**बेधड़क** | जयपुर

राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के रसशास्त्र और भैषज्य कल्पना विभाग की ओर से आयुर्वेद चिकित्सा शिक्षा में यूजी, पीजी और रिसर्च कर रहे विद्यार्थियों के लिए 29 जुलाई से 3 अगस्त को आयुर्वेद औषधियों के गुणवत्ता नियंत्रण मापदंडों पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम विशेष रूप से एएसयू दवाओं के लिए मानक परीक्षण प्रक्रियाओं पर व्यावहारिक प्रशिक्षण पर केंद्रित था। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता कुलपति प्रोफेसर संजीव शर्मा ने की। कुलपति ने आयुर्वेदिक दवाओं में गुणवत्ता नियंत्रण के महत्व पर जानकारी देने के साथ इस तरह के कार्यक्रम की आवश्यकता पर भी जोर दिया। रसशास्त्र और भैषज्य कल्पना विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अनुपम श्रीवास्तव ने एएसयू दवाओं के लिए ड्रग टेस्टिंग टैब की जानकारी दी। कार्यक्रम में कुलसचिव प्रो. अनीता शर्मा ने एएसयू दवा निर्माण में गुणवत्ता नियंत्रण उपायों को सुनिश्चित करने के लिए ऐसे और कार्यक्रमों के करने का सुझाव दिया।

## जिला स्तरीय गांधी शिल्प बाजार का शुभारंभ

# भारत हस्तशिल्प का सर्वोत्तम केन्द्र

**बेधड़क** | जोधपुर



केन्द्र सरकार के वस्त्र मंत्रालय के मार्केटिंग योजनान्तर्गत सात दिवसीय प्रदर्शनी का जय भैरव वेलफेयर सोसायटी के माध्यम से आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि आशीष वर्मा, मीडिया एवं संचार अधिकारी, डॉ. अजय वर्धन आचार्य, वरिष्ठ सहायक क्षेत्रीय निदेशक, इग्नु जोधपुर एवं टी.एल. पाराशर, ट्रेनिंग ऑफिसर, एन.एस.टी.आई, जोधपुर द्वारा सम्पन्न हुआ। इस मेले में 50 स्टॉल हस्त निर्मित उत्पादों की लगाई गई है। इस अवसर पर आशीष वर्मा ने सभी दस्तकारों द्वारा लगाई स्टॉलों का भ्रमण कर उन्हें आगे प्रोत्साहन के लिए उनके उत्पादन के नवीनीकरण के बारे में बताया। अजय वर्धन आचार्य, वरिष्ठ सहायक क्षेत्रीय निदेशक, इग्नु, टी.एल. पाराशर ने बताया कि कलाएं हजारों सालों से पीढ़ी दर पीढ़ी पोषित होती आ रही है। किरण वी. एन. सहायक निदेशक (हस्तशिल्प) ने बताया कि इस गांधी शिल्प बाजार में देश के सभी कोने से आर्टीजन अपने कलात्मक उत्पादों के विपणन के लिए आए है, जिसमें अलग अलग राज्यों की कलाओं को भी प्रर्दशित कर रहे है।

## 'एक्स्ट्रावेंगेंजा' बिखेरे बच्चों ने विभिन्न संस्कृतियों के इन्द्रधनुषी रंग

**बेधड़क** | जयपुर



मानसरोवर स्थित इंडिया इंटरनेशनल स्कूल में तीन दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम 'एक्स्ट्रावेंगेंजा' कार्यक्रम स्कूल सभागार में हुआ, जिसमें प्राइमरी विंग के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का नयनाभिराम प्रदर्शन कर आनंदित कर दिया। बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियों में कला के इन्द्रधनुषी रंग बिखेरे। बच्चों ने भारतीय कवियों के दोहो से सभागार को गुंजायमान कर दिया। विभिन्न सलोने नृत्यों के माध्यम से सुर, लय और ताल का अनूठा संगम दर्शाया। साथ ही वेस्टर्न सॉन्ग्स के सुरीले प्रदर्शन से दिलों को छू लिया। संवाद, अभिनय के माध्यम से विद्यार्थियों ने युगों का प्रदर्शन कर सतयुग, त्रेता, द्वापर और कलयुग को मंच पर साकार किया। निर्णायक मंडल ने बच्चों की टैलेंट को परखा। विद्यालय निदेशक डॉ. अशोक गुप्ता और प्राचार्या माला अग्निहोत्री ने विद्यार्थियों की विभिन्न प्रतिभा कौशल की प्रशंसा की और आशीर्वाद दिया।

**समस्या** | **प्रारंभिक शिक्षा विभाग में भी 23 हजार 495 पद है रिक्त**

# स्कूलों में शिक्षकों के पद रिक्त, हो रही नींव कमजोर

**बेधड़क** | जयपुर




राज्य के सबसे बड़े शिक्षा विभाग में जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते बच्चों की शिक्षा की नींव कमजोर हो रही है। संस्कारवान व बेहतर सोच का व्यक्ति बनने के लिए प्रारंभिक शिक्षा बेहतर होनी चाहिए, जो राज्य में नहीं हो पा रही है। जो नन्हें नन्हें बच्चे हैं, उनको तराशने वाले शिल्पकार शिक्षक ही स्कूलों में नहीं है। प्रदेश में प्रारंभिक शिक्षा विभाग में अध्यापकों व शारीरिक शिक्षकों के 1 लाख 94 हजार 922 पद आवंटित है। इनमें से 23 हजार 495 पद रिक्त है। कई स्कूल कक्षा एक से पांचवीं और आठवीं तक सिर्फ दो-चार शिक्षकों के भरोसे चल रहे हैं। वहीं शिक्षक प्रधानाध्यापक का कार्य भी करते हैं, जिससे शिक्षण प्रभावित होता है। कई विद्यालय को एक ही शिक्षक के भरोसे पर चल रहे हैं। वहीं प्रदेश में तृतीय श्रेणी अध्यापकों की वरिष्ठ अध्यापकों में पदोन्नति चार सत्र की बकाया है। ये होने पर विभाग में अधिक पद रिक्त हो जाएंगे।

### शहरी क्षेत्र में पद अधिक रिक्त

प्रारंभिक शिक्षा विभाग में पिछले सत्र में सीधी भर्ती से ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षकों की नियुक्ति की गई थी। शहरी क्षेत्र में सीधी भर्ती से नियुक्तियां नहीं दी जा सकती है। इस कारण पद रिक्त होने से अधिक परेशानी शहरी क्षेत्र के स्कूलों में ही आ रही है। शहरी क्षेत्र में पद 6 थ्री प्रक्रिया के माध्यम से ही भरे जा सकते है।

### यह है पदों की स्थिति (3 अगस्त 2024 के अनुसार)

| पदनाम | आवंटित पद | कार्यरत पद | रिक्त पद |
|---|---|---|---|
| द्वि.श्रे.अ.(प्र.अ.उप्रावि) | 16811 | 8524 | 8287 |
| तृ.श्रे.अ.लेवल टू | 56717 | 51087 | 5630 |
| तृ.श्रे.अ.लेवल वन | 113226 | 104879 | 8347 |
| शा.शि. | 8168 | 6937 | 1231 |

### चार सत्रों की पदोन्नति चल रही है बकाया

प्रारंभिक शिक्षा विभाग में भी 24 हजार से भी अधिक पद रिक्त चल रहे हैं। तृतीय श्रेणी से वरिष्ठ अध्यापक की चार सत्रों की पदोन्नति बकाया है। पदोन्नति होने पर प्रारंभिक शिक्षा विभाग और पद रिक्त हों जाएंगे। राज्य सरकार रिक्त होने वाले पदों पर नई भर्ती करवा सकती है। जिससे नई भर्ती का इंतजार कर रहे युवाओं का शिक्षक बनने का सपना साकार हो सकेगा। - **मोहर सिंह सलावद,** प्रदेशाध्यक्ष, शिक्षक संघ रेसटा, राजस्थान

### पदोन्नति में राज्य के 4317 वरिष्ठ अध्यापक पद पर नहीं मिला पदस्थापन

शिक्षक नेता मोहर सिंह सलावद ने बताया की तृतीय श्रेणी अध्यापक से वरिष्ठ अध्यापक 2021-22 की पदोन्नति 21 दिसंबर 2022 को हुई। जिसमें अध्यापक पद से 4317 शिक्षकों की वरिष्ठ अध्यापक (विभिन्न विषय) पद पर पदोन्नति की अनुशंसा की गई है। जिसमें बीकानेर मंडल के 390,चुरू मंडल के 309, जोधपुर मंडल के 981, जयपुर मंडल के 332,भरतपुर मंडल के 575, पाली मंडल के 508, अजमेर मंडल के 777 व कोटा मंडल के 416 शिक्षकों का पदौन्नति पर चयन हुआ, लेकिन पदस्थापन आज तक भी नहीं मिला है।




पंकज ओझा
राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी

### मध्यप्रदेश में नर्बदा नदी के किनारे पहाड़ी पर विराजे हैं ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग

# एकमात्र मंदिर जहां शिव और पार्वती रोजाना साथ में खेलते हैं चौसर-पासे

**शाश्वत सनातन**

*सावन का महीना शिव को समर्पित है। शिव का आशीर्वाद पाने के लिए इस महीने में कई लोग 12 ज्योतिर्लिंग के दर्शन करने जाते हैं। 12 ज्योतिर्लिंग वह बारह मंदिर हैं जहां शिव जी ज्योति स्वरूप में विराजमान हैं, यानी बारह ज्योतिर्लिंग स्वंयभू माने जाते हैं। इन्हीं में से एक है ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग। मध्य प्रदेश स्थित ओंकारेश्वर को द्वादश ज्योतिर्लिंग में चौथा स्थान प्राप्त है। इंदौर से करीब 80 किमी दूर नर्मदा नदी के किनारे एक ऊंची पहाड़ी पर यह मंदिर है, जिसके चारों ओर नर्मदा नदी बहती है। यह ज्योतिर्लिंग औंकार यानी की ओम का आकार लिए हुए है। इसी वजह से इस ज्योतिर्लिंग को ओंकारेश्वर नाम से पुकारा जाता है। शिव पुराण में ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग को परमेश्वर लिंग के नाम से भी जाना जाता है।*



### पंचमुखी गणेश और अन्नपूर्णा माता का भी है मंदिर

ओंकारेश्वर मंदिर के भीतर पंचमुखी गणेश और अन्नपूर्णा माता का मंदिर है। ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग नर्मदा और कावेरी के संगम स्थल पर स्थित है, जहां नर्मदा और कावेरी नदी मिलती हैं। इस स्थल का अत्यधिक महत्व है। ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग स्वयंभू हैं अर्थात इनकी प्रतिमा अपने आप बन गई थी, इस कारण इसका महत्व और भी बढ़ जाता है। मंदिर के चारों ओर एक परिक्रमा मार्ग है, जिसकी लोग परिक्रमा करते हैं। यह स्थल भक्ति और आध्यात्मिक अनुभव के लिए प्रसिद्ध है। ओंकारेश्वर उज्जैन से भी जुड़ा हुआ है, महाशिवरात्रि के दिन उज्जैन से यात्रा करते हुए लोग ओंकारेश्वर आते हैं।

### यहां रात्रि में सोने आते हैं शिव-पार्वती

ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग को लेकर धार्मिक मान्यता है कि बाबा भोलेनाथ यहां रात्रि में शयन के लिए आते हैं। कहते हैं पृथ्वी पर यह एकमात्र ऐसा मंदिर है जहां शिव-पार्वती रोज चौसर-पांसे खेलते हैं। रात्रि में शयन आरती के बाद यहां प्रतिदिन चौपड़ बिछाए जाते हैं और गर्भग्रह बंद कर दिया जाता है। अगली सुबह ये पासे बिखरे हुए मिलते हैं। आश्चर्य की बात है कि जिस मंदिर के भीतर रात के समय परिंदा भी पर नहीं मार पाता है, वहां हर दिन चौपड़ बिखरे पाए जाते हैं।



### ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग से जुड़ी है यह कथा

ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग से जुड़ी कथा के अनुसार यहां राजा मांधाता ने इसी पर्वत पर कठोर तपस्या कर भोलेनाथ को प्रसन्न किया था। परिणाम स्वरूप राजा मंधाता के कहने पर भोलेनाथ शिवलिंग के रूप में यहां विराजमान हो गए। तब से ये पर्वत मंधाता पर्वत कहलाने लगा। कुबेर जी ने भी यहां शिव को अपनी तपस्या से प्रसन्न किया था।

### दो भागों में हैं ओंकारेश्वर मंदिर

ओंकारेश्वर मंदिर दो भागों में है। पहला है ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग तथा दूसरा है ममलेश्वर ज्योतिर्लिंग। ओंकारेश्वर मंदिर 5 मंजिला है और प्रत्येक मंजिल पर शिवालय स्थित है। भगवान शिव ने शिवलिंग को दो भागों में विभाजित कर दिया था। एक का नाम 'ओंकारेश्वर' तथा दूसरे का 'अमरेश्वर या ममलेश्वर' है, इसलिए जब भक्त मांधाता जाते हैं तो इन दोनों मंदिरों के दर्शन करते हैं। देवी अहिल्याबाई होलकर के समय से यहां पार्थिव शिवलिंग का भी पूजन होता रहा है।

**कॅरिअर परामर्श**

## छात्रों के साथ अभिभावक भी रहें तनावमुक्त



अर्चना त्यागी

स्कूल और कॉलेज में पढ़ने वाले छात्रों की व्यस्त दिनचर्या के कारण उनकी सोच भी प्रभावित होती है। एक अनचाहा तनाव हर समय उनके मस्तिष्क में व्याप्त रहता है। न पढ़ाई ठीक से कर पाते हैं और न ही प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी ही। शिक्षा पद्धति को लेकर चर्चाएं चलती रहती हैं और समय समय पर इसमें बदलाव भी होते रहते हैं। उन बदलाओं से अधिकतर छात्रों को फायदा होता है तो कुछ को उसका नुकसान भी उठाना पड़ता है। ये बदलाव तनाव का एक और मुद्दा खड़ा कर देते हैं। छात्र और उनके अभिभावक परीक्षा परिणाम को लेकर तनाव में आ जाते हैं। सबकी राय अलग अलग हैं, लेकिन चिंता का कारण एक ही है। कुछ देशों ने कोरोना के कारण जीरो सेसेन भी घोषित किया था। यह भी एक सकारात्मक कदम है कि हमारे देश मे ऐसा नहीं होने से छात्रों का एक साल व्यर्थ नहीं हुआ है। यदि ध्यान से देखा जाए तो जीवन में आई

### मार्क्स के गणित से बाहर निकलकर करें प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी

- परीक्षा परिणाम की परेशानी सभी छात्रों के लिए एक समान है। खुद को परेशान करने वाली इस वजह को दिमाग से निकाल दें।
- सभी छात्रों को परीक्षा परिणाम सुधारने का एक अवसर भविष्य में मिलता है। उस अवसर का उपयोग करके छात्र अपनी सामर्थ्य के अनुसार प्रदर्शन करके अपना प्रतिशत सुधार सकते हैं।
- सभी अच्छे कॉलेज और यूनिवर्सिटी प्रवेश परीक्षा के आधार पर ही छात्रों को प्रवेश देते हैं।
- बेहतर होगा कि छात्र मार्क्स के गणित से बाहर निकलकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी जारी रखें और प्रवेश परीक्षा की तैयारी करें।
- बीते सालों में शिक्षा का स्तर बहुत प्रभावित हुआ है।

इन परेशानियों का कारण और निवारण हमारे पास ही है। आवश्यकता है तनावमुक्त होकर परेशानियों का हल खोजने की। योग से शरीर और मन को स्वस्थ रखा जा सकता है। इसलिए योग को दिनचर्या का हिस्सा बनाएं और जुट जाएं सपनों को साकार करने की तैयारी में।

**पुस्तक समीक्षा**

## संघर्ष को शब्द देने का प्रयास है 'अपनी कलम के कहार'



दिनेश दिनकर
सोनीपत (हरियाणा)

लेखिका डोली शाह अपनी पहली पुस्तक में हजारों स्त्रियों के संघर्ष, पीड़ा, साहस और सफलता को रेखांकित करती हैं। उनकी कुछ लघु कथाओं समाज का हित, वो लड़की है, नारी शिक्षा का महत्व, बेटी हो तो ऐसी, नारी का स्वाभिमान, आत्मनिर्भर, कर्तव्य इत्यादि लघुकथाओं में महिलाएं अपने स्तर पर संघर्ष करते हुए जीत दर्ज करती दिखती हैं तो कुछ में समाज में रह रहे भले मानस उनकी इस विजयी यात्रा में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए नजर आते हैं।

कुछ लघुकथाएं ऐसी भी हैं जिनमें लेखिका ने लैंगिक आधार पर भेदभाव किए बिना समाज के दूसरे प्राणी यानी पुरुष के संघर्ष और पीड़ा को शब्द देने का एक सार्थक प्रयास किया है। परीक्षा पत्र, सहानुभूति, मरहम, परोपकार, भविष्य की चिंता, सामाजिकता, वक्त की मांग इत्यादि लघुकथाएं पुरुषों का हमदर्द बनती हुई प्रतीत होती हैं। पारिवारिक संस्कारों का सकारात्मक परिणाम हो या फिर इन संस्कारों की कमी हो, के संदर्भ में भी लेखिका ने कुछ लघुकथाएं लिखने का काम किया है।

अपनी पहली पुस्तक के साथ प्रस्तुत लेखिका डोली शाह पेशे से शिक्षिका हैं, इसलिए समाज में आस-पास घट रही घटनाओं में पात्रों के भावों को प्रस्तुत करने हेतु शब्दों के चयन, उन्हें शब्दबद्ध करने के काम को एक जिम्मेदारी के साथ पूरा किया है। प्रस्तुत पुस्तक 'अपनी कलम के कहार' में लघु कथाओं को पढ़ते हुए काल्पनिकता का अभाव महसूस होता है। परिणामस्वरूप पाठकों को इनके किरदारों से अपनापन महसूस होता है। मनुष्य की व्यक्तिगत और सामाजिक अनुभूतियों को बेहतर तरीके से प्रस्तुत किया गया है।




*किताब समीक्षा : अपनी कलम के कहार*
*लेखिका: डोली शाह*
*अनुवाद: एस.के. साबिरा*
*प्रकाशक: सर्वप्रिय प्रकाशन , नई दिल्ली*
*मूल्य: 200 रुपए*

**शब्दों की सीख**

## ... भीगा हुआ अगस्त

*कभी तुम लौटो, देखो आज फिर अगस्त भीग रहा है। आंखों में तुमसे मिलने की आस ठहरी है। उसकी तलाश मुक्कमल कर दो। लौट आओ तुम...।*



शोभा गोयल
जयपुर

*इतना यकीन मेरे लिए काफी था। वह शाम भीगी हुई थी, मगर तुम पूरी तरह खामोश रहे। मैं ही तुम्हें लेफ्ट , राइट करती रही। कई जगह जाम भी मिला, मगर तुमने एक बार भी पीछे मुड़कर नहीं देखा।*

सुनो! भीगा हुआ अगस्त आ गया है। तुम्हें याद है वह अगस्त जब पहली बार तुम्हें देखा था। हमारी पहली मुलाकात उस दिन भी बादल यूं ही बरस रहे थे। जैसे आज बरस रहे हैं। मैं छतरी के नीचे खुद को भीगने से बचाने की नाकाम कोशिश कर रही थी। न जाने तुम मुझे कहां से देख रहे थे। उस दिन मुझे लगा था कि आज मैं घर पहुंच पाऊंगी या नहीं कि तभी तुम मेरे सामने कार लेकर आ खड़े हुए। -आइए, मैं आपको छोड़ देता हूं। तुम्हारा यह कहना मन को सुकून देने वाला था मगर दुनिश्चंताओं ने पहले आकर अपना मंतव्य रखा। अजनबियों पर भरोसा नहीं करते। मेरे हाव-भाव से तुम मेरे मनोभावों को समझ गए।

-बरसात बहुत तेज है, कैब बुक नहीं हो सकती। जगह-जगह पानी भरा हुआ है। ऑटो चालक चाहकर भी आपको नहीं ले जा सकता। आप एक बार मुझ पर यकीन करें, मैं आपको आपके घर छोड़ दूंगा।



मैंचुपखड़ीथी।जवाबदेनाजरूरीनहींसमझा। -जाने किस भरोसे खामोश खड़ी हैं आप, किसी दस्तक की उम्मीद लग रही है क्या? -जी नहीं, आप मेरी मदद क्यों करना चाहते हैं। -मुझे लगा करनी चाहिए। -ऐसे कितनी देर तक खड़े रहना चाहिए। उसने पूछा। -आप जाए, मैं देख लूंगी अपना। -सात बजने वाले हैं। मेरा मन आपको छोड़कर जाने को नहीं है। अच्छा, आप अपने मोबाइल से घर पर कॉल कर लीजिए और तब तक चालू रखिएगा जब तक आपका घर न आ जाएं। मैं कार में पीछे की तरफ बैठ गई। न मैंने किसी को कॉल किया और न ही अब मुझे डर लग रहा था। इतना यकीन मेरे लिए काफी था। वह शाम भीगी हुई थी, मगर तुम पूरी तरह खामोश रहे। मैं ही तुम्हें लेफ्ट, राइट करती रही। कई जगह जाम भी मिला, मगर तुमने एक बार भी पीछे मुड़कर नहीं देखा। मैं तुम्हें शीशे में देखती रही बचपन में रिक्त स्थान भरो के सवाल खूब हल किए थे, आज वही सवाल जिंदगी के पृष्ठ पर लिखा मिला। मुझे हल करना चाहिए था, मगर मैं दुविधा में थी। उस दिन तुमने मुझे घर ड्रॉप कर दिया। मेरा दिल तुम्हारी शराफत, सादगी, सरलता और सहृदयता के सामने झुक गया। उस दिन फ्रेंडशिप डे था। मैंने कार से उतर कर तुम्हे थैंक यू कहने की बजाय दोस्ती का ऑफर दिया। तुम जैसे प्यारे इंसान से कौन दोस्ती नहीं करना चाहेगा। तुम मुस्कुरा दिए। फिर हमने फोन नंबर एक्सचेंज किए। जाने के लिए तुम जैसे ही मुड़े थे, मैंने कहा था- सुनो! अगली बार कब मिलोगे। तुमने मुस्कुराते हुए कहा-जब तुम इस टूटी छतरी के नीचे भीगती मिलोगी तब, जब-जब अगस्त बरसेगा तब-तब। तुम चले गए, मगर जाकर भी कहा जा पाएं। मेरे मन में थोड़े से रह गए तुम। अगले दिन तुम्हारे फोन का इंतजार किया और उसके अगले दिन भी, न जाने कितने दिन तक मैं झुंझला उठी। जब कॉल ही नहीं करनी तो फोन नंबर लिया ही क्यों? नंबर तो मैंने भी लिया है। मैं ही कॉल कर लेती हूं। उस दिन धड़कते दिल और कांपते हाथों से तुम्हारा नंबर मिलाया। दूसरी रिंग के बाद फोन उठाया। उधर से आवाज आई- भैया 1 अगस्त को एक्सीडेंट में नहीं रहे। कितने अगस्त आए और चले गए मगर उस अगस्त का आज भी इंतजार है, जिसमें तुम मिलने वाले थे। जिंदगी को इतने बरस उदासी और आंसुओं में गुजारने के बाद आज भी तुम्हारी प्रतीक्षा है। कभी तुम लौटो, देखो आज फिर अगस्त भीग रहा है। आंखों में तुमसे मिलने की आस ठहरी है। उसकी तलाश मुक्कमल कर दो। लौट आओ तुम...।


### शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख ने गृह मंत्री अमित शाह पर साधा निशाना...कहा-अब्दाली का राजनीतिक वंशज

# भाजपा ने राजनीतिक दलों को तोड़ा, सत्ता जिहाद में लिप्त: उद्धव ठाकरे

एजेंसी | पुणे

शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने शनिवार को आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार में बने रहने के लिए भाजपा राजनीतिक दलों को तोड़कर सत्ता जिहाद कर रही है। उद्धव ठाकरे ने आरोप लगाया कि भाजपा ''सत्ता जिहाद'' में लिप्त है। उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर भी पलटवार किया और उन पर अहमद शाह अब्दाली का राजनीतिक वंशज होने का भी आरोप लगाया। ज्ञात रहे कि अहमद शाह अब्दाली एक आफगान शासक था जिसने पानीपत की लड़ाई में मराठाओं को हराया था। इससे पहले शाह ने उद्धव ठाकरे को औरंगजेब फैन क्लब का प्रमुख कहा था।

उद्धव ठाकरे ने शनिवार को पुणे में शिव संकल्प जनसभा को संबोधित करते हुए यह बातें कहीं। ठाकरे ने कहा, अगर मुसलमान हमारे साथ हैं और हम उन्हें अपना हिंदुत्व समझाते हैं, तो हम (बीजेपी के अनुसार) औरंगजेब फैन क्लब के हैं। तो आप जो कर रहे हैं, वह सत्ता जिहाद है। उद्धव ठाकरे ने



शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) में विभाजन का हवाला देते हुए भाजपा पर पार्टियों को तोड़ने का आरोप लगाया।

### शिंदे सरकार को घेरा

ठाकरे ने 'मुख्यमंत्री मांझी लड़की बहना' योजना को लेकर एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र सरकार पर भी निशाना साधा। ठाकरे ने शिंदे सरकार पर रेवड़ियां देकर मतदाताओं को रिश्वत देने का आरोप लगाया।

### फडणवीस पर फिर प्रहार- खुद को बताया सुसंस्कृत महाराष्ट्र

उद्धव ठाकरे ने कहा कि अब लड़ाई मैदान में है। मैंने मुंबई में कहा 'या तो मैं रहूं या तुम रहो'। यहां एक पोस्टर है। उद्धव ठाकरे ने किसी का नाम लिए बगैर कहा कि कुछ लोग सोचते हैं कि मैंने उन्हें चुनौती दी है। लेकिन, आप खटमल को चुनौती नहीं देते, आपको उन्हें अपनी उंगली से कुचलना पड़ता है। वो इतने बड़े नहीं हैं कि मैं चुनौती दे सकूं। कुछ लोगों ने सोचा कि मैंने उन्हें चुनौती दी है। साथ ही, हमें यह भी समझना चाहिए कि मैं कौन हूं और वे (देवेंद्र फडणवीस) कौन हैं। मैं सुसंस्कृत महाराष्ट्र हूं और आप लुटेरों की टोली हैं। उद्धव पर पलटवार करते हुए महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा, उद्धव ठाकरे एक कुंठित व्यक्ति हैं और इस कुंठितता ने उनके दिमाग पर बुरा असर डाला है। आज के भाषण के बाद उन्होंने दिखा दिया है कि वह वाकई औरंगजेब फैन क्लब के सदस्य हैं।

### केंद्र सरकार को कहा-लीकेज सरकार

वहीं नए संसद भवन की छत से पानी टपकने के मामले को लेकर उद्धव ठाकरे ने कहा कि नया भवन तो मात्र 14 महीने में ही टपकने लगा। उन्होंने कहा कि पीएम पूछते है कि कांग्रेस ने 60-70 वर्षों में क्या किया, लेकिन मोदी को यह हिसाब देना चाहिए कि संसद का नया भवन, जो बमुश्किल एक साल पहले बना था, क्यों लीक होने लगा। उन्होंने कहा, यह सरकार (केंद्र की) लीकेज सरकार है। पेपर लीक भी हो रहे हैं।

### राष्ट्र निर्माण में सामूहिक योगदान देना होगा: कोविंद



**नई दिल्ली।** पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने शनिवार को कहा कि देश अमृत काल के प्रारम्भ से गुजर रहा है और भारत को एक बार फिर विश्व गुरु बनाने के लिए सभी को राष्ट्र निर्माण में सामूहिक रूप से योगदान देना होगा। कोविंद ने यहां पांचवें डॉ. राजाराम जैपुरिया मेमोरियल व्याख्यान में भारत की समृद्ध आध्यात्मिक और वैज्ञानिक विरासत को छूते हुए, भारत के गौरवशाली अतीत के बारे में विस्तार से बात की। उन्होंने दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र और सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में भारत की विशाल क्षमता को भी रेखांकित किया। उन्होंने कहा, भारत ने दुनिया को शून्य और दशमलव की अवधारणा दी है।

### पप्पू यादव का शाह को पत्र, सुरक्षा बढ़ाने की मांग

**पटना।** पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव अपनी सुरक्षा को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखा है और सुरक्षा बढ़ाने की मांग है। आपको बता दें अभी पप्पू यादव के पास वाई कैटेगरी सिक्योरिटी है। दरअसल सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में पप्पू यादव को गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी जा रही है। पप्पू यादव ने मीडिया से बातचीत में कहा कि सुरक्षा देना सरकार की जिम्मेदारी है। मैं लगातार संसद में बालू माफिया, मेडिकल माफिया का मुद्दा उठा रहा हूं। इसलिए मुझे धमकियां मिल रही हैं। उन्होंने कहा कि चार-पांच करोड़ रुपए अपराधियों को दिया गया है। हमको कहा जा रहा है कि घर में घुसकर मारेंगे। उन्होंने कहा कि मुझे सुरक्षा मिले या न मिले मैं सड़क से संसद तक गरीबों की लड़ाई लड़ता रहूंगा।

### SC-ST आरक्षण: कोटे में कोटे पर विरोध के सुर होने लगे मुखर

# क्रीमी लेयर का विरोध होगा: अठावले पुनर्विचार याचिका करेंगे दाखिल: चिराग

एजेंसी | नई दिल्ली/ लखनऊ/ पटना

जातीय जनगणना को लेकर गर्माई सियासत के बीच अनुसूचित जाति-जनजाति में कोटे में कोटे के फैसले पर अब सियासत गरमाने लगी है। केंद्र में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास अठावले ने शुक्रवार को अनुसूचित जातियों (एससी) और अनुसूचित जनजातियों (एसटी) के लिए आरक्षण में क्रीमी लेयर मानदंड लागू करने के किसी भी कदम का विरोध किया। वहीं एक अन्य केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर हम टिप्पणी नहीं कर सकते हैं, लेकिन इस बात पर हमारी लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) को आपत्ति है। इसलिए हम लोग पुनर्विचार की मांग करते हुए याचिका दाखिल करने जा रहे हैं। अठावले व चिराग पासवान की पार्टियां भाजपा नीत राजग गठबंधन का हिस्सा हैं। अठावले ने कहा, एससी/एसटी के लिए आरक्षण जाति पर आधारित है। रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (अठावले) एससी और एसटी के लिए आरक्षण में क्रीमी लेयर के मानदंड लागू करने के किसी भी कदम का कड़ा विरोध करेगी। हालांकि अठावले ने स्वीकार किया कि राज्यों को एससी/एसटी को उप-वर्गीकृत करने की अनुमति देने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले से इन समूहों में अधिक पिछड़ी जातियों के लिए न्याय सुनिश्चित होगा। उन्होंने अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और सामान्य वर्ग के सदस्यों के लिए भी इसी तरह के उप-वर्गीकरण की मांग की। अठावले ने कहा कि देश में 1,200 अनुसूचित जातियां हैं, जिनमें से 59 महाराष्ट्र में हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद, महाराष्ट्र सरकार को अनुसूचित जातियों का अध्ययन करने और उन्हें ए, बी, सी और डी श्रेणियों में उप-वर्गीकृत करने के लिए एक आयोग की स्थापना करनी चाहिए।



### ये है क्रीमी लेयर

क्रीमी लेयर का तात्पर्य आरक्षित श्रेणियों के व्यक्तियों के एक वर्ग से है जो सामाजिक और आर्थिक रूप से बेहतर हैं। वर्तमान में क्रीमी लेयर की अवधारणा केवल ओबीसी के आरक्षण पर लागू है।

## छुआछूत एससी आरक्षण का आधार क्रीमी लेयर का प्रावधान संभव नहीं

दूसरी ओर केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्री व लोजपा (रामविलास) के मुखिया चिराग पासवान ने पटना में मीडिया से बातचीत में कहा कि एससी की जहां तक बात है, उसमें ऐसी जातियां हैं, जिसका आधार छुआछूत है। इसलिए इसमें आरक्षण के अंदर आरक्षण का कोटा लाने का प्रावधान नहीं आ सकता है। साथ ही क्रीमी लेयर का प्रावधान नहीं हो सकता है। चिराग ने आगे कहा कि दलित समाज के संपन्न लोगों के साथ छुआछूत के आधार पर भेदभाव आज भी हो रहा है। दलित समाज के बड़े नाम भी हैं जो मंदिर में जाते हैं तो मंदिर को गंगाजल से धोया जाता है। यह दर्शाता है कि भेदभाव छुआछूत के आधार पर हो रहा है। ज्ञात रहे कि प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली सात न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने एक के मुकाबले छह मतों के बहुमत से फैसला दिया कि राज्यों को अनुसूचित जातियों (एससी) और अनुसूचित जनजातियों (एसटी) का उप-वर्गीकरण करने की अनुमति दी जा सकती है ताकि इन समूहों के भीतर अधिक पिछड़ी जातियों को कोटा प्रदान करना सुनिश्चित किया जा सके। इस फैसले का समर्थन करने वाले छह न्यायाधीशों में से चार ने अलग-अलग फैसले लिखे, जिसमें क्रीमी लेयर को आरक्षण लाभ से बाहर रखने का सुझाव दिया गया।



### क्रीम लेयर मंजूर नहीं: तेजेस्वी

राजद नेता तेजस्वी यादव ने भी इसका विरोध किया है। उन्होंने कहा है कि बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर ने छुआछूत और गैरबराबरी दूर करने के लिए आरक्षण दिया था। इसमें आर्थिक आधार या क्रीमी लेयर जैसी शर्तें मंजूर नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि दलितों आदिवासियों के प्रति मानसिकता पूरी तरीके से बदली नहीं है। आरक्षण इस गैर बराबरी को हटाने के लिए है। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले का कोई संवैधानिक एंगल नहीं है।

### OBC के उपवर्गीकरण की भी उठी मांग

दूसरी ओर उत्तर प्रदेश में अब पिछड़ों में अति पिछड़ों की सियासत भी गरमाने लगी है। एक ओर सुभासपा ने अन्य पिछड़े वर्ग में अति पिछड़ों की हिस्सेदारी की मांग उठाई है। वहीं, निषाद पार्टी के मुखिया भीडॉ. संजय निषाद भी कुछ इसी तर्ज पर अति पिछड़ों में उपवर्गीकरण की मांग कर रहे हैं। सुभासपा के नेता अरुण राजभर ने मांग उठाई है कि दलितों के वर्गीकरण के साथ ही साथ ओबीसी समाज का भी उपवर्गीकरण किया जाए, ताकि महापिछड़ों को उनका वाजिब हक मिल सके। उन्होंने कहा कि सरकार को सामाजिक न्याय समिति की रिपोर्ट को लागू करना चाहिए।

### पं. बंगाल: सुप्रीम कोर्ट का अहम फैसला

# 36 विश्वविद्यालयों में कुलपतियों की नियुक्ति का आदेश



एजेंसी | नई दिल्ली

राज्यपाल सीवी आनंद बोस और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बीच बढ़ते विवाद के बीच सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि बंगाल में सभी 36 राज्य-सहायता प्राप्त विश्वविद्यालयों में केवल नियमित कुलपतियों की नियुक्ति की जाएगी।

कुलपतियों की नियुक्ति को लेकर राज्य के दो शीर्ष संवैधानिक पदाधिकारियों के बीच खींचतान को समाप्त करने के लिए शीर्ष अदालत ने आठ जुलाई को नियुक्तियों की निगरानी के लिए पूर्व प्रधान न्यायाधीश यूयू ललित की अध्यक्षता में एक चयन समिति का गठन किया था। 29 जुलाई को पारित आदेश में शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया था कि कुलपतियों की नियुक्ति के संबंध में कोई अंतरिम व्यवस्था नहीं होनी चाहिए। जस्टिस सूर्यकांत और केवी विश्वनाथन की पीठ ने कहा, यह स्पष्ट किया जाता है कि सभी 36 राज्य-सहायता प्राप्त विश्वविद्यालयों में नियमित कुलपतियों की नियुक्ति होगी। अदालत ने जस्टिस ललित की अध्यक्षता वाले पैनल को कुलपतियों के पद पर नियुक्ति के लिए योग्य उम्मीदवारों की सूची बनाने को लेकर व्यापक अधिकार दिए।

पीठ ने मामले के पक्षकारों द्वारा दिए गए सुझाव का समर्थन किया कि तीन विश्वविद्यालयों अलिया विश्वविद्यालय, पश्चिम बंगाल स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय और पश्चिम बंगाल पशु एवं मत्स्य विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपतियों की सेवानिवृत्ति की उम्र 65 वर्ष होनी चाहिए। यह भी कहा गया है कि शेष विश्वविद्यालयों के लिए कुलपति की सेवानिवृत्ति की उम्र 70 वर्ष होगी।

### कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने जताई चिंता

# अमीर लोगों के देश छोड़ने से कम होगा राजस्व

एजेंसी | नई दिल्ली

कांग्रेस ने सरकार के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि 2.16 लाख भारतीयों ने 2023 में अपनी नागरिकता छोड़ी है। विपक्षी पार्टी ने कहा कि उच्च कौशल वाले और अमीर भारतीयों का पलायन एक आर्थिक उपहास है, जो आने वाले कुछ वर्षों में देश के राजस्व आधार को कम करेगा। कांग्रेस के महामंत्री (संचार) ने कहा कि कारोबारी हस्तियां भारतीय नागरिकता छोड़कर बड़ी संख्या में सिंगापुर, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), ब्रिटेन और अन्य स्थानों पर जा रही हैं। जयराम रमेश ने कहा कि यह संख्या 2011 की तुलना में करीब दोगुनी है, जो 1,23,000 थी। उन्होंने कहा कि नागरिकता छोड़ने वाले इन भारतीयों में कई अत्यधिक कुशल और शिक्षित हैं। घरेलू श्रम आपूर्ति की कमी के समय उनके देश छोड़ने से हमारी अर्थव्यवस्था पर गंभीर असर पड़ेगा। रमेश ने कहा, इस साल की शुरुआत में एक अग्रणी वैश्विक निवेश प्रवासन सलाहकार फर्म ने खुलासा किया था कि पिछले तीन वर्षों में 17 हजार से ज्यादा करोड़पति लोगों ने भारत छोड़ दिया। उच्च कुशल और अमीर भारतीयों का पलायन पिछले एक दशक में कॉर्पोरेट भारत में चारों ओर डर और धमकी के माहौल के अलावा अपारदर्शी कर नीतियों और मनमाने कर प्रशासन का परिणाम हो सकता है। ज्ञात रहे कि विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने हाल ही में नागरिकता छोड़ने वाले भारतीयों के सवालों के लिखित जवाब में राज्यसभा को बताया था कि 2023 में 2.16 लाख से ज्यादा भारतीयों ने अपनी नागरिकता छोड़ दी।




### चुनावी आंकड़ों में अंतर को लेकर किया सवाल

# ईवीएम में गड़बड़ी पर उठे सवालों का जवाब दे आयोग: कांग्रेस

एजेंसी | नई दिल्ली

कांग्रेस ने कहा है कि हाल में हुए आम चुनाव के परिणामों को लेकर एक विश्लेषण सामने आया है जिसमें इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में गड़बड़ी की बात कही गई है और इस पर उठे सवालों का चुनाव आयोग को जवाब देना चाहिए।

कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित ने शनिवार को पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि चुनाव आयोग ईवीएम के परिणामों को लेकर किसी भी संदेह से इनकार करता है और वोटिंग मशीन में गड़बड़ी नहीं होने का दावा करता है, लेकिन हाल में सामने आए विश्लेषण से शुरुआती और आखिरी चुनावी आंकड़ों में अंतर मिला है जो इवीएम पर सवाल खड़े करता है। दीक्षित ने कहा 'वॉइस ऑफ डेमोक्रेसी' नाम की संस्था ने हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव परिणामों पर एक विश्लेषण किया है। विश्लेषण के मुताबिक शुरुआती चरण में घोषित आंकड़ों और आखिरी चरण के फाइनल आंकड़ों में अंतर है। राष्ट्रीय स्तर पर शुरू के और आखिरी आंकड़ों में यदि छह प्रतिशत का अंतर है तो क्या ये नतीजे सही थे।

उन्होंने कहा, चुनाव आयोग ने हर फेज से कई दिन बाद तक फाइनल आंकड़ें दिए। ये तब है, जब कहा जाता है कि ईवीएम से बेहतर कुछ नहीं है, ईवीएम से हर चीज पता चल जाती है।



### महाराष्ट्र में सियासी संवाद तेज

# संघ मुख्यालय पहुंचे फडणवीस, पदाधिकारियों से हुई मुलाकात

एजेंसी | नागपुर

महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव को लेकर तेज होती सियासी हलचल के बीच राजनीतिक संवाद की प्रक्रिया भी तेज हो रही है। उप-मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस शनिवार को नागपुर स्थित संघ मुख्यालय पहुंचे और वहां संघ के कई पदाधिकारियों से मुलाकात की। फडणवीस का संघ मुख्यालय का यह दौरा ऐसे समय हुआ है, जब उन्हें भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने की चर्चा है। ऐसे में यह मुलाकात महत्वपूर्ण मानी जा रही है। हालांकि फडणवीस और संघ पदाधिकारियों के बीच किस मुद्दे पर बात हुई, इसका पता नहीं चल सका है।

### फडणवीस पार्टी का बड़ा चेहरा, विस चुनाव में होगी अहम भूमिका



फडणवीस की इस मुलकात को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव से जोड़कर भी देखा जा रहा है। हालांकि महाराष्ट्र के एक पार्टी नेता ने बताया कि भाजपा ने फडणवीस को महाराष्ट्र की राजनीति के लिए विशेष तौर पर आगे बढ़ाया था। आज भी महाराष्ट्र में भाजपा के पास देवेंद्र फडणवीस के अलावा दूसरा कोई बड़ा और लोकप्रिय चेहरा नहीं है, जो पार्टी को आगामी विधानसभा चुनावों में जीत दिला सके। पीयूष गोयल, विनोद तावड़े जैसे नेता भाजपा के पास हैं, लेकिन वे केंद्र की राजनीति में व्यस्त हैं। केंद्र की आवश्यकताओं को देखते हुए उन्हें प्रदेश में भेजने की संभावना भी कम ही है। ऐसे में देवेंद्र फडणवीस पार्टी के लिए महाराष्ट्र में अधिक उपयोगी साबित हो सकते हैं। आगामी चुनाव को ध्यान में रखकर पार्टी उनका उपयोग महाराष्ट्र में ही कर सकती है। सूत्रों के अनुसार भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए फडणवीस का नाम सबसे आगे है। उनके अलावा भूपेंद्र यादव और धर्मेंद्र प्रधान के भी नामों की चर्चा जारी है। इससे पहले शुक्रवार को जब फडणवीस से उन्हें भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने इसे महज अफवाह करार दिया। उन्होंने कहा कि यह चर्चा मीडिया द्वारा शुरू की गई है और यह मीडिया तक ही सीमित है।

## शरद पवार की शिंदे से मुलाकात, मराठा आरक्षण पर चर्चा

एजेंसी | मुंबई

महाराष्ट्र में इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर राज्य में तेज होती सियासी हलचल के बीच राकांपा (एसपी) चीफ शरद पवार ने शनिवार को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से उनके सरकारी निवास स्थान वर्षा बंगले पर जाकर मुलाकात की। यह मुलाकात मराठा आरक्षण और अन्य मुद्दों को लेकर हुई। दोनों के बीच क्या बातचीत हुई है यह जानकारी सामने नहीं आई है लेकिन बीते दो हफ्ते में मुख्यमंत्री शिंदे और शरद पवार के बीच की ये दूसरी मुलाकात है। राज्य में मराठा आरक्षण को लेकर चल राजनीतिक ताने-बाने के बीच दो मराठा नेताओं की इस मुलाकात को काफी अहम माना जा रहा है। शरद पवार महा विकास अघाड़ी के एकमात्र नेता हैं जो महायुति के साथ, खासकर सीएम शिंदे के साथ बातचीत जारी रखते हैं।



### राज ठाकरे ने भी की कई मुद्दों पर चर्चा

इससे पहले मनसे चीफ राज ठाकरे ने भी सीएम शिंदे से मुलाकात की थी। दोनों नेताओं के बीच विभिन्न मुद्दों जैसे बीडीडी चॉल का पुनर्विकास, पुलिस हाउसिंग कॉलोनी का पुनर्विकास और कुछ अन्य आवास परियोजनाओं को लेकर चर्चा की। ज्ञात रहे कि लोकसभा चुनाव में महायुति गठबंधन की हार के बाद मनसे प्रमुख राज ठाकरे ने अकेले ही विधानसभा चुनाव में अकेले लड़ने का फैसला लिया है।

## जरूरी खबर

### रेप केस के आरोपी की बेकरी पर चला बुलडोजर

**अयोध्या।** अयोध्या में नाबालिग से गैंगरेप के मामले में योगी सरकार ने सख्ती दिखाई है। थानेदार और चौकी प्रभारी के निलंबन के बाद इस मामले में आरोपी सपा नेता की बेकरी बेकरी को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया गया। शुक्रवार को दुष्कर्म पीड़ित बच्ची की मां ने मुख्यमंत्री से उनके सरकारी आवास पर मुलाकात के बाद प्रशासन हरकत में आ गया। शनिवार सुबह से ही पुलिस प्रशासन मुस्तैदी से डटा रहा। प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में भदरसा में मुख्य आरोपी सपा नेता मोईद खान की बेकरी को तीन बुलडोजर लगाकर ध्वस्त करवा दिया गया। आरोपी के स्थानीय थाने व पुलिस चौकी से सम्बंध होने के आरोप लग रहे थे। सपा नेता के साथ ही उसके नौकर पर दुष्कर्म और ब्लैकमेलिंग का आरोप है। इस बीच, सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने रेप केस के आरोपियों की डीएनए टेस्ट की मांग उठाई।

### फिर विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता बने पीएम मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक बार फिर से विश्व के सबसे लोकप्रिय नेताओं की सूची में सबसे ऊपर हैं। पीएम मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और हाल ही में चुने गए ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर को पीछे छोड़ दिया है। पीएम मोदी 69 प्रतिशत की अनुमोदन रेटिंग के साथ पहले स्थान पर हैं, जबकि मैक्सिको के राष्ट्रपति एंड्रेस मैनुअल लोपेज ओब्रेडोर इस सूची में 63 प्रतिशत की अनुमोदन रेटिंग के साथ दूसरे स्थान पर हैं। जबकि 25 नेताओं की सूची में अंतिम स्थान पर जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा हैं, जिनकी अनुमोदन रेटिंग 16 प्रतिशत है।

### मणिपुर: जिरीबाम में फायरिंग, खाली घर को आग लगाई

**इंफाल।** मणिपुर के जिरीबाम में शांति बहाली के प्रयासों के तहत मेइती और हमार समुदायों के बीच समझौते होने के एक दिन बाद शुक्रवार रात फायरिंग होने और एक खाली पड़े घर को आग लगा देने की खबर है। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि लालपानी गांव में खाली पड़े एक घर को शुक्रवार रात हथियारबंद लोगों ने आग के हवाले कर दिया। एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना एक बिल्कुल ही अलग बस्ती में हुई जहां मेइती समुदाय के कुछ लोगों के घर हैं और जिले में हिंसा भड़कने के बाद से इनमें से अधिकतर घर खाली पड़े हैं।

## शेखावत ने किया आतिथ्य प्रदर्शनी का उद्घाटन




**नई दिल्ली।** केंद्रीय संस्कृति व पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय आतिथ्य सत्कार प्रदर्शनी -2024 का उद्घाटन किया।

## दलजीत सिंह को सौंपा BSF का अतिरिक्त प्रभार



**नई दिल्ली।** सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के महानिदेशक दलजीत सिंह चौधरी को सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा शनिवार को जारी आदेश में कहा गया है कि उत्तर प्रदेश कैडर के 1990 बैच के आईपीएस अधिकारी चौधरी बीएसएफ महानिदेशक के पद का अतिरिक्त प्रभार इस पद पर नियमित तौर पर नियुक्ति होने तक या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, संभालेंगे। ज्ञात रहे कि एसएसबी नेपाल और भूटान के साथ भारत की सीमाओं की रक्षा करता है। केंद्र ने शुक्रवार को बीएसएफ के महानिदेशक (डीजी) नितिन अग्रवाल और उनके डिप्टी विशेष डीजी (पश्चिम) वाई बी खुरानिया को तत्काल प्रभाव से उनके मूल राज्य कैडर में वापस भेज दिया था।

## कृषि अर्थशास्त्रियों के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का पीएम ने किया उद्घाटन


# किसानों को जमीन के डिजिटल पहचान नंबर दिए जाएंगे: पीएम

एजेंसी । नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि भारत खाद्य अधिशेष वाला देश बन गया है। वैश्विक खाद्य एवं पोषण सुरक्षा के लिए समाधान प्रदान करने के लिए काम कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्रीय बजट 2024-25 टिकाऊ कृषि पर केंद्रित है। उन्होंने कहा कि आज हम भारत में कृषि क्षेत्र में डिजिटल टेक्नॉलॉजी का भरपूर इस्तेमाल कर रहे हैं। सरकार भूमि के डिजिटलाइजेशन का भी बहुत बड़ा अभियान चला रही है। किसानों को उनकी भूमि का एक डिजिटल पहचान अंक (Digital Identification Number) भी दिया जाएगा।

पीएम मोदी शनिवार को यहां राष्ट्रीय कृषि विज्ञान केंद्र परिसर में कृषि अर्थशास्त्रियों के 32वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हम डिजिटल पुसलँ सर्वे के लिए डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर बना रहे हैं। हमारे किसानों को रियल टाइम सूचना मिलेगी और वो उसके आधार पर फैसला ले सकेंगे। हमारी इस पहल से करोड़ों किसानों को फायदा होगा, उनकी आर्थिक स्थिति और बेहतर होगी। पीएम किसान सम्मान निधि योजना में 1 क्लिक से 10 करोड़ किसानों के खाते में रुपए ट्रांसफर हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि पिछली बार जब सम्मेलन यहां आयोजित किया गया था, तब भारत ने तुरंत स्वतंत्रता प्राप्त की थी और वह देश की कृषि और खाद्य सुरक्षा के लिए एक चुनौतीपूर्ण समय था। अब, भारत देश दुनिया में दूध, दालों और मसालों का नंबर एक उत्पादक है।





### यह भी बोले पीएम नरेंद्र मोदी

- वैश्विक खाद्य सुरक्षा के लिए काम कर रहा है भारत
- 100 से ज्यादा रिसर्च संस्थान
- 500 से ज्यादा कॉलेज
- 700 से ज्यादा कृषि विज्ञान केंद्र

### भारत प्राकृतिक खेती पर दे रहा बल

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भारत अब प्राकृतिक खेती पर बल दे रहा है। उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ भारत की चिंता भी रही है कि वो उत्पादन मानव शरीर के लिए भी और मिट्टी के स्वास्थ्य के लिए भी सुरक्षित उत्पादन हो।

### कृषि क्षेत्र को कर रहे हैं मजबूत

पीएम मोदी ने कहा कि हम किसानों के जीवन में सुधार लाने के उद्देश्य से सुधारों और उपायों के साथ कृषि क्षेत्र को मजबूत कर रहे हैं। भारत में कृषि से जुड़ी शिक्षा और अनुसंधान से जुड़ा एक मजबूत इकोसिस्टम बना हुआ है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के ही 100 से ज्यादा रिसर्च संस्थान हैं। भारत में कृषि और उससे संबंधित विषयों की पढ़ाई के लिए 500 से ज्यादा कॉलेज हैं। भारत में 700 से ज्यादा कृषि विज्ञान केंद्र हैं।

## जम्मू कश्मीर: पाकिस्तानी आतंकियों के लिए कर रहे थे काम

# पांच पुलिसकर्मी सहित छह सरकारी कर्मचारी बर्खास्त

एजेंसी । श्रीनगर

जम्मू कश्मीर में आतंकी फंडिंग से जुड़े एक रैकेट का भंडाफोड़ किया गया है। ड्रग्स बेचकर आतंकियों की मदद करने के मामले में 6 सरकारी अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई करते हुए उन्हें तत्काल बर्खास्त कर दिया गया है। इसमें पांच पुलिसकर्मी और एक शिक्षक शामिल है। जांच में पता चला कि ये सभी सरकारी कर्मचारी पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के एक नार्को टेरर नेटवर्क का हिस्सा थे।

जानकारी के मुताबिक ये लोग जम्मू-कश्मीर में ड्रग्स के अवैध कारोबार में मदद करते थे और इससे प्राप्त धन का इस्तेमाल पाकिस्तान के आतंकी संगठन दहशत फैलाने के लिए करते हैं। मामले की जांच कर रहे अधिकारी ने कहा कि ये सभी आतंकी संगठनों के लिए काम कर रहे थे। खुफिया एजेंसियों ने इनके बारे में जानकारी हासिल की थी। आरोपियों की पहचान सिपाही फारूक अहमद शेख, सिपाही खालिद हुसैन शाह सिपाही रहमत शाह, सिपाही इर्शाद अहमद चाकू, सिपाही सैफ दीन और सरकारी शिक्षक नजम दीन के तौर पर की गई है। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने संविधान के आर्टिकल 311 (2) का इस्तेमाल करते हुए इन सभी को तत्काल सेवा से हटा दिया है। ज्ञात रहे संविधान में इस आर्टिकल के तहत प्रावधान है कि अगर कोई देश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करता है तो राष्ट्रपति या फिर राज्यपाल उसे बिना किसी जांच के तत्काल सेवा से हटा सकते हैं। 2019 में अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद अब तक 70 सरकारी कर्मचारियों को इसी तरह के आरोपों के चलते बर्खास्त किया जा चुका है।



# लोग कोर्ट की प्रक्रिया से तंग... चाहते हैं समझौता: CJI

- मुख्य न्यायाधीश ने दिया लोक अदालतों पर जोर

एजेंसी । नई दिल्ली

भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने लोक अदालतों के महत्व पर जोर दिया है। उनका कहना है कि लोग अदालतों के मामलों से 'इतने तंग' आ गए हैं कि वे बस समझौता चाहते हैं। लोक अदालतें ऐसा मंच हैं जहां न्यायालयों में लंबित या मुकदमेबाजी से पहले के विवादों और मामलों का निपटारा या सौहार्दपूर्ण ढंग से समझौता किया जाता है। पारस्परिक रूप से स्वीकृत समझौते के विरुद्ध कोई अपील दायर नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि अदालत में अर्जी लगाने वालों के लिए न्यायिक प्रक्रिया एक सजा की तरह है।

सीजेआई चंद्रचूड़ ने सुप्रीम कोर्ट में विशेष लोक अदालत के एक समारोह में लोक अदालतों में निपटाए गए कई मामलों का भी उदाहरण दिया। उन्होंने एक वाहन दुर्घटना का जिक्र भी किया, जिसमें मजबूत पक्ष होने के बाद भी एक व्यक्ति कम मुआवजे पर मामले को निपटाने के लिए तैयार हो गया था। उन्होंने आगे कहा कि कई मामले ऐसे होते हैं, जहां लोग किसी भी तरह के समझौते को स्वीकार कर लेते हैं क्योंकि उन्हें थकाऊ अदालती प्रक्रिया से बाहर निकलना होता है।

### कानून मंत्री भी शामिल हुए

इस कार्यक्रम में केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि मध्यस्थता हमेशा से भारतीय संस्कृति का हिस्सा रही है। महाभारत में भगवान कृष्ण ने कौरवों और पांडवों के बीच मध्यस्थता करने की कोशिश की थी।

# स्वतंत्रता दिवस: होगी अचूक सुरक्षा

- विशेष बैठक में पीएम की सुरक्षा की समीक्षा

एजेंसी । नई दिल्ली

स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को लेकर शनिवार को एक दिल्ली में विशेष बैठक का आयोजन हुआ। इस बैठक में एनएसजी, एसपीजी, आईबी, सेना और दिल्ली पुलिस के बड़े अधिकारी शामिल थे। इस बैठक में वीवीआईपी की सुरक्षा को लेकर समीक्षा की गई। भारतीय सुरक्षा एजेंसियों के मुताबिक, आतंकी हमले जैसी घटनाओं से निपटने के लिए पुलिसबल की तैयारियों पर चर्चा की गई। बैठक में पीएम मोदी की सुरक्षा को लेकर भी चर्चा हुई। इस मामले पर खुफिया विभाग उससे जुड़े सम्बंधित विभागों, सुरक्षा यूनिट्स, तमाम फोर्स से जानकारी मांगी गई है। बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी से मिलने वाले लोगों पर नजर रखी जा रही है। लाल किले पर स्वतंत्रता दिवस समारोह की व्यवस्था की योजना में स्पॉटर्स (स्नाइपर के सहयोगी) चेहरे की पहचान करने वाली प्रणाली (एफआरएस), सीसीटीवी कैमरे और ड्रोन का उपयोग पहले से ही शामिल है। अधिकारी ने बताया कि एफआरएस युक्त कैमरे दिल्ली में चार-पांच वर्षों से इस्तेमाल किए जा रहे हैं और इस वर्ष इनकी संख्या बढ़ाकर 1,000 से अधिक कर दी जाएगी।

## अतिवृष्टि से कई राज्यों में भारी नुकसान

# वायनाड: मलबे में जीवन की आस, मशीन और मानव कर रहे तलाश

एजेंसी । शिमला/ वायनाड

देश के कई राज्यों खासकर केरल, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में भारी बारिश और भूस्खलन से व्यापक नुकसान हुआ है। केरल में भूस्खलन से प्रभावित वायनाड में बचाव व राहत अभियान अंतिम चरण में है। मलबे में जीवन की तलाश जारी है। शनिवार को भी 1300 से अधिक बचावकर्मी, भारी मशीनरी और अत्याधुनिक उपकरण लगाकर भूस्खलन में फंसे लोगों की तलाश में लगे हैं। अब तक 344 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने शनिवार को कहा कि 206 लोग अब भी लापता हैं। विजयन ने यहां पत्रकारों से कहा कि चलियार नदी से बरामद शवों और मानव अंगों की पहचान करने में समस्या है।

केरल में भूस्खलन से तबाह हुए गांवों में मलबे के नीचे फंसे लोगों का पता लगाने के लिए प्रभावित इलाकों में गहराई तक खोज करने में सक्षम रडार तैनात किए जाएंगे । एक रक्षा जनसंपर्क अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। केरल सरकार ने प्रभावित इलाकों में उन्नत रडार उपकरणों को तैनात करने का अनुरोध किया है, जिसमें एक जेवर रडार और चार रीको रडार शामिल हैं। इन्हें उनके संचालकों के साथ भारतीय वायु सेना (आईएएफ) के विमान से दिल्ली से लाया जाएगा।



### आदिवासी परिवार को बचाया

इस बीच, जंगल में एक गुफा में फंसे चार बच्चों समेत एक आदिवासी परिवार को वन अधिकारियों ने सुरक्षित बचा लिया है। बचाव दल को परिवार तक पहुंचने में साढ़े चार घंटे से अधिक समय लगा। परिवार में एक से चार वर्ष आयु के चार बच्चे भी थे। जानकारी मिलने पर कलपेट्टा रेंज के वन अधिकारी के. हशीस के नेतृत्व में चार सदस्यीय दल गुरुवार को जंगल के भीतर खतरनाक रास्तों पर निकल पड़ा। अधिकारियों ने जंगल में सात किलोमीटर से अधिक की दूरी तय करके आदिवासी परिवार की जान बचाई। अधिकारी ने बताया कि भारी बारिश के बीच फिसलन भरी और खड़ी चट्टानों पर चढ़ाई करनी पड़ी। बच्चे काफी सहमे और थके थे। हम जो कुछ भी साथ ले गए थे, उन्हें खाने को दिया। काफी समझाने-बुझाने के बाद उनके पिता हमारे साथ आने पर राजी हुआ। हमने बच्चों को अपने शरीर से बांधा और नीचे उतरना शुरू किया।

### हिमाचल में 50 लोगों के मरने की आशंका: विक्रमादित्य सिंह

**शिमला।** बादल फटने और बाढ़ के कारण पहाड़ी राज्यों हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में आई आपदा से बड़ा नुकसान हुआ है। हिमाचल प्रदेश में 47 लोग अब भी लापता हैं। इस बीच, हिमाचल के मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने दावा किया है कि राज्य में बादल फटने और बाढ़ के कारण करीब 50 लोगों के मारे जाने की आशंका है। उन्होंने कहा, आधिकारिक संख्या की घोषणा रेसक्यू ऑपरेशन पूरा होने के बाद ही की जा सकती है। बुधवार रात हिमाचल के कुल्लू, मंडी और शिमला में बादल फटने से बाढ़ आ गई जिसमें लोगों को काफी नुकसान हुआ। आधिकारिक तौर पर इस घटना में अब तक 8 लोगों के मारे जाने की खबर है। कुल्लू, शिमला व मंडी जिलों में सड़कों के क्षतिग्रस्त होने के कारण मशीनरी नहीं पहुंच पा रही है। 114 सड़कें बंद हो गई हैं, जबकि मौसम विभाग ने शनिवार को चेतावनी दी है कि राज्य में 7 अगस्त तक भारी बारिश जारी रहेगी। बचाव अभियान में जुटे एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस व गृहरक्षकों की स्थानीय लोग मदद कर रहे हैं। उत्तराखंड में केंद्र सरकार की ओर से भेजे गए चिनूक व एमआई-17 भी बचाव अभियान से जुड़ गए हैं। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से फोन पर राहत एवं बचाव अभियान की जानकारी ली।

### उत्तराखंड: दो दिन में निकाले 6,980 से तीर्थयात्री

उत्तराखंड में तीन दिन पहले केदारनाथ पैदल मार्ग पर बादल फटने और अतिवृष्टि से हुए भूस्खलन के बाद से धाम में संचार सेवा ठप है। बड़ी संख्या में यात्री जंगल के रास्ते चौमासी होते हुए गुप्तकाशी पहुंच रहे हैं, इस रास्ते में भी मोबाइल सेवा नहीं है। पुलिस के मुताबिक, अभी धाम में 700 से अधिक लोग फंसे हुए हैं। विभिन्न पड़ावों पर फंसे तीर्थ यात्रियों को निकालने के लिए बचाव दल जुटे हुए हैं। अब तक 6,980 से अधिक तीर्थयात्री निकाले जा चुके हैं। इनमें लगभग 4,000 से अधिक गुरुवार को रेस्क्यू किए गए थे। केंद्र सरकार की ओर से भेजे गए वायु सेना के हेलीकाप्टर चिनूक और एमआइ-17 भी राहत एवं बचाव अभियान से जुड़ गए हैं।

### एक सौ महिलाओं ने आफ्टर पार्टी में सक्सेस को किया एंजॉय

# ‘थिएटर ऑफ ड्रीम्स 2.0’ में जयपुर की लेडीज ने बिखेरे खुशियों के रंग

**बेधड़क.जयपुर।** जब लेडीज को गेट टू गेदर करते हुए सक्सेस को एंजॉय करने का मौका मिला तो उनका सातवें आसमां पर होना लाजिमी था। हर कोई खुशी को जी लेना चाहता था और लेडीज ने वेस्टर्न आउटफिट्स में सावनी फुहारों के बीच एंजॉय किया। ये खुशी का नजारा था होटल मैरियट में ‘थिएटर ऑफ ड्रीम्स 2.0’ फैशन शो का, जिसमें सफलता का जश्न मनाने के लिए आफ्टर पार्टी का आयोजन किया गया। एफबीएस के इस प्रोग्राम में जयपुर के एलीट लेडीज ने गेट टुगेदर और पार्टी करते हुए सेलिब्रेशन किया।





### महिला उद्यमी हुईं शामिल

ब्लिंग थीम पर हुए सेलिब्रेशन में शहर की सभी जानी-मानी हस्तियों और महिला उद्यमियों ने भाग लिया। उन्होंने शानदार और जश्नपूर्ण शाम का आनंद लिया, जिसमें लाइव एंटरटेनमेंट, उत्कृष्ट भोजन और जीवंत माहौल शामिल किया गया था। फैशन में उन्होंने वेस्टर्न आउटफिट्स खुदको एक बार फिर साबित किया कि वे किसी से कम नहीं। इस मौके पर डिजाइनरों, जूलर्स, मॉडलों और आयोजकों की सराहना की गई।



### सभी महिलाओं को मोमेंटो भेंट किए

फाउंडर मेघा गुप्ता ने बताया कि पार्टी का उद्देश्य महिलाओं की इंडिपेंडिस और फेस वैल्यू बनने का सेलिब्रेशन था। प्राची खंडेलवाल, वैशाली मोदी, सूचिता मानक बोहरा ने सभी लेडीज को पिंक बास्केट्स के मोमेंटो भेंट किए। होस्ट विथ द मोस्ट की सुरभि वर्मा ने खास सरप्राइज किया तो मुनमुन पोद्दार, तरंग अग्रवाल, राखी खंडेलवाल ने गेम्स व डांस से पार्टी में जान लगा दी। बृंदा-प्रीत पालावत, श्वेता तातीवाला, गीतांजलि, सृष्टि सिंह, नंदिनी जेसवानी सहित करीब 100 महिलाएं नेटवर्किंग बढ़ाने के लिए एक मंच पर आईं।

### DAY-1: मात्र 1.65 करोड़ की कमाई

## ‘औरों में कहां दम था’ ने खुद ही डुबोई अपनी कस्ती



**बेधड़क. जयपुर।** अजय देवगन और तब्बू की फिल्म औरों में कहां दम था के पहले दिन के कलेक्शन आ गए हैं। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म का कलेक्शन मेकर्स का दम निकालने वाला है। पहले दिन मूवी ने मात्र 1 करोड़ 65 लाख रुपए का कलेक्शन है, जो कि इतनी बड़ी स्टार कास्ट के हिसाब से बहुत ही कम है। यह कलेक्शन अक्षय कुमार की पिछली तीन डिजास्टर फिल्मों सरफिरा, सेल्फी और रानीगंज से भी बुरी है। हालांकि सभी ट्रेड एनालिस्ट पहले से ही मूवी का कलेक्शन कम ही आंक कर चल रहे थे। सेकनिल्क और कोई मोई डॉट कॉम 2 से ढाई करोड के आसपास मान कर चल रहे थे। सबसे सटीक निकला बॉलीवुड हंगामा डॉट कॉम का। वेबसाइट ने मूवी का पहले दिन का कलेक्शन 1 करोड़ 30 लाख से डेढ़ करोड़ के आसपास बताया था जो कि 1 करोड़ 65 लाख के बिल्कुल करीब है। कहा जा रहा है कि अजय की पिछले 14 साल में मूवी में सबसे कमजोर कलेक्शन औरों में कहां दम था का रहा।

## ‘पायो जी मैंने राम रतन धन पायो’ में डूबे जयपुराइट्स



**बेधड़क. जयपुर।** नेट-थिएट कार्यक्रमों की कड़ी में डाकिया रे कार्यक्रमों में उभरते भजन गायक कन्हैया शर्मा और रिंकू नागलिया ने सुरीली आवाज से राजस्थानी गीत व भजन की अविरल धारा प्रवाहित की। राजेन्द्र शर्मा ने बताया कि कलाकारों ने शुरुआत राजस्थानी गीत जला सैनण मह तो राज राडेरा निरखना आई रे से की। इसके बाद भजन पायो जी मैंने राम रतन धन पायो को बड़े ही सरीले अंदाज में सुनाकर मुग्ध किया। राजस्थान का लोकगीत डाकिया रे तू कागज लिख दे, लिख परवानो म्हारो साजन रो और धन म्हारा देश बीकाणा को मनोयोग से गाकर समां बांधा। संयोजक नवल दांगी तथा प्रकाश व कैमरा मनोज स्वामी और संगीत विनोद सागर गढ़वाल ने किया। मंच सज्जा अंकित शर्मा नोनू व जीवितेश शर्मा की रही।

## City इवेंट्स

### महिलाओं ने सेंट्रल पार्क में पौधे लगाए



**बेधड़क. जयपुर।** वन बंधु परिषद जयपुर की महिला समिति की मेंबर्स ने सेंट्रल पार्क में आंवला और बिल्व पत्र के पौधे लगाए। समिति अध्यक्ष मधु लोहिवाल ने बताया कि कार्यक्रम संयोजिका सरिता काबरा के नेतृत्व में अभियान चलाया गया। अभियान में समिति सचिव मीना खंडेलवाल सहित अन्य सदस्यों ने हिस्सा लिया। सदस्यों ने गीत गाकर वृक्षों के महत्व के बारे में बताया और लोगों को अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए जागरूक किया। साथ ही सावन के चलते उन्होंने सावन के गीत गाकर वर्षा का स्वागत किया।

### धर्म का साथ कभी ना छोड़ें



**बेधड़क. जयपुर।** मुनि प्रणम्य सागर ने मीरा मार्ग के आदिनाथ भवन पर कवि भूधरदास द्वारा विरचित पार्श्वनाथ पुराण के वाचन के दौरान जैन धर्म के 23वें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ के 8वें पूर्व भव के बारे में बताया गया। उन्होंने बताया कि 16 सागर आयु पूर्ण कर पुहकलावती देश के राजा विद्युतगति के यहां जन्म हुआ तब उनका नाम अग्निवेग रखा गया। मुनिश्री ने बताया कि धर्म से सुरक्षा है, धर्म से ही अनुकूलता व निश्चितता आती है। हमें हर सुख को भोगते हुए धर्म का साथ नहीं छोड़ना चाहिए। जैसे बरसात का जल संगठित करने से अमृत तुल्य बन जाता है, वैसे ही धर्म को अंतरंग में सही तरीके से उतारने से और उसका पालन करने से जीव शत मार्ग पर चलता हुआ मोक्ष मार्ग प्रशस्त कर सकता है।

### मिश्र का जैन समाज ने किया अभिनंदन




**बेधड़क. जयपुर।** पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्र का राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर की ओर से अभिनंदन किया गया। प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन, प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा, जिला महामंत्री सुभाष बज, सांगानेर संभाग अध्यक्ष चेतन जैन निमोडिया ने दुपट्टा व शाल ओढ़ाया तथा भगवान महावीर की फोटो भेंट की। साथ ही श्री दिगम्बर जैन महासमिति राजस्थान अंचल की ओर से डॉ. निर्मल सोगानी व अन्य पदाधिकारियों ने अभिनन्दन किया।

### महाराणा प्रताप ऑडिटोरियम में 9 को होगा प्रोग्राम

## सावन कुमार टाक की याद में गुनगुनाएंगे उनके नगमे







**बेधड़क | जयपुर**

जाने-माने फिल्म निर्माता, निर्देशक और गीतकार सावन कुमार टाक की याद में जयपुर में पहली बार उनकी फिल्मों के सुपरहिट गीतों से सजी शाम आयोजित की जाएगी। इस मौके पर संगीतकार और सावन कुमार की पत्नी उषा खन्ना, फिल्म अभिनेत्री पद्मिनी कोल्हापुरे, अभिनेता अनिल धवन, जुगनू और हास्य कलाकार अहसान कुरैशी सहित कई हस्तियां शाम में उपस्थित रहेंगी। सावन कुमार टाक के भांजे और फिल्म निर्माता नवीन टाक ने बताया कि कार्यक्रम सावन कुमार परिवार की ओर से 9 अगस्त को महाराणा प्रताप ऑडिटोरियम में होगा। इस मौके पर गायक विपिन सचदेव, रवीन्द्र शिन्दे, ममता सिंह, डिंपल वर्मा और प्यारे चौहान सावन कुमार की फिल्मों के हिट प्रस्तुत करेंगे। सावन कुमार का 25 अगस्त 2022 को 86 साल की उम्र में निधन हो गया था। जयपुर में उनसे बातचीत का अंतिम कार्यक्रम राजस्थान फोरम की ओर से 20 मई 2019 को आयोजित किया गया था। सावन कुमार जयपुर के थे। उनके निर्देशन में बनी कई फिल्मों ने धूम मचाई। उन्होंने बरखा रानी जरा जमके बरसो, तेरी गलियों में न रखेंगे कदम, जिंदगी प्यार का गीत है और शायद मेरी शादी का ख्याल दिल में आया है जैसे कई सुपरहिट गीत लिखे।





### रवींद्र मंच पर ‘पर्दा उठने से पहले’ का मंचन

## नाटक की राह में रोड़े ही रोड़े रिहर्सल से नायिका हुई फरार



**बेधड़क | जयपुर**

रस रंग मंच संस्था की और से रवींद्र मंच पर हास्य नाटक ‘पर्दा उठने से पहले’ का मंचन किया गया। नाटक का लेखन राजेंद्र कुमार शर्मा व नाट्य रूपांतरण व निर्देशन हिमांशु झांकल ने किया। कार्यक्रम संयोजन मुकेश वर्मा और प्रबंधन जीतेंद्र सिंह नरुका ने किया। नाट्य निर्देशक के नाटक तैयार कराने में आई बाधाओं को रोचक अंदाज से दर्शाया गया। नाटक में अनिल एक प्रसिद्ध नाट्य निर्देशक हैं। उसकी पत्नी शीला नाटकों के प्रति उसकी दीवानगी को पसंद नहीं करती है।

इसी दौरान उसके नाट्य प्रस्तुति के तीन दिन पहले ही नाटक की नायिका वीना रिहर्सल से गायब हो जाती है। रिहर्सल के दौरान नाटक के अन्य कलाकार सलाह देते हैं कि क्यों ना वो पत्नी शीला को ही नाटक की नायिका बना ले। मरता क्या ना करता, अनिल जैसे-तैसे शीला को उसकी तारीफों के पुल बांधकर नाटक की नायिका बनने के लिए तैयार करता है। शीला को नाटक की तैयारी कराने के दौरान हास्य की स्थितियां उत्पन्न होती हैं। उसके पड़ोसी व अन्य पात्र रिहर्सल में बाधा उत्पन्न करते हैं। अंत में नाटक की नायिका लौटती है। अनिल के द्वारा वीना की तारीफों से नाराज होकर शीला-वीना को घर से निकाल देती है। अनिल को नाटक के अधूरा होने का डर सताता है, लेकिन अंत में नाटक एक सकारात्मक मोड़ लेता है।

**प्री-ईवेंट** इंटरनेशनल विश्वकर्मा स्वर्ण कला शो के पोस्टर का विमोचन

## चारों दिशाओं की जूलरी दमकेगी गुलाबी नगरी के रैंप पर

**बेधड़क | जयपुर**

देश भर की कला जयपुर के मंच पर होगी और फैशन की बानगी भी पेश की जाएगी। इसके लिए आर्टिस्ट लोगों ने पिछले दिनों 18 हजार किलोमीटर का सफर करके देश भर के आर्टिस्टों को जोड़ा। मौका होगा भारतीय स्वर्णकार संघ के 31 अगस्त से 2 सितंबर तक बिडला ऑडिटोरियम में होने वाले इंटरनेशनल विश्वकर्मा स्वर्ण कला शो-2024 का, जिसका पोस्टर विमोचन और प्री-ईवेंट गुलाबी नगरी में आयोजित किया गया। राजस्थान चैंबर ऑफ कॉमर्स




में पोस्टर-ब्रोशर लॉन्च कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष दुलीचंद कड़ेल, प्रदेश महामंत्री बाबूलाल कड़ेल, त्रिलोक चंद कड़ेल, श्याम सुंदर जोड़ा, कृष्णा खलबलिया, ललित सणखत, रजत सोनी आदि उपस्थित रहे। अध्यक्ष दुलीचंद कड़ेल ने बताया कि शो में पहली बार पूरे देश के ज्वैलर्स ओर क्राफ्टमैन एक मंच के नीचे होंगे।

### निर्मला सीतारमण से मिले

गौरतलब है कि एक प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात कर वित्त मंत्री को कीमती धातुओं पर सीमा शुल्क में कटौती के लिए आभूषण उद्योग की ओर से धन्यवाद ज्ञापित भी किया। इस अवसर पर निर्मला सीतारमण ने इंटरनेशनल विश्वकर्मा स्वर्ण कला शो का पोस्टर लॉन्च करते हुए शुभकामनाएं दीं।

### कला के प्रति बढ़ेगा आकर्षण


अध्यक्ष दुलीचंद कड़ेल ने बताया कि शो का उद्देश्य केंद्र व राज्य सरकार का कला के प्रति ध्यान आकर्षण करना है। उन्होंने बताया कि भारत को फिर से गुरु शक्ति व विलक्षणता को पुनर्स्थापित करना है तो हमारी सरकारों को अतीत की बहुमूल्य कलाओं को प्रोत्साहित कर उन्हें और भी गुणी बनाना होगा। इसके लिए नई पीढ़ी के साथ हाथ के पुराने आर्टिस्ट को एक मंच पर लाया जाएगा और लाइव सेशन आयोजित होंगे। साथ ही पुरानी जूलरी को लेकर एक फैशन शो आयोजित किया जाएगा, जिसमें नोर्थ, साउथ, ईस्ट और वेस्ट की जूलरी रैंप पर होंगी।



यात्रा ही हमें खुशी देती है, न कि मंजिल।
**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

### आतंकियों पर रहम नहीं, 9/11 के मास्टरमाइंड की सजा-ए-मौत तय...

# अमेरिका ने रद्द किया आरोपियों के साथ याचिका समझौता



### पीड़ितों को पत्र भेज बताया था सजा के बारे में

अलकायदा के हमलों में मारे गए करीब 3,000 लोगों के परिवारों को पत्र भेजकर सूचित किया गया था कि तीनों आरोपी आजीवन कारावास की सजा काटेंगे। शुक्रवार को याचिका समझौता रद्द करने के अपने आदेश में अमेरिकी रक्षा मंत्री ने लिखा कि उन्होंने फैसला किया है कि वह अंतिम निर्णय लेने के लिए अधिकृत हैं। इस तरह उन्होंने ब्रिगेडियर जनरल सुसान एस्केलियर के पूर्व के फैसले को रद्द कर दिया। गौरतलब है कि पीड़ितों के परिवार भी इस याचिका के खिलाफ थे। उन्होंने आतंकी हमले के आरोपियों को राहत देने के फैसले की आलोचना की थी।



**एजेंसी** | वॉशिंगटन

अमेरिका ने 11 सितंबर 2001 के आतंकी हमलों के मास्टरमाइंड खालिद शेख मोहम्मद और उसके साथियों, वालिद बिन अताश और मुस्तफा अल-हौसावी पर कोई रहम नहीं दिखाने का फैसला किया है। अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने आरोपी मास्टरमाइंड के साथ समझौते को रद्द करते हुए इन सबकी मौत की सजा बहाल कर दी। ऐसा उस समझौते की घोषणा के ठीक दो दिन बाद हुआ, जिसमें मौत की सजा को करीब-करीब खत्म कर दिया गया था। हालांकि इससे हमले में मारे गए लोगों के परिजनों का गुस्सा भड़क उठा था। खालिद 2003 में पाकिस्तान में पकड़ा गया था और उसे तथा उसके साथ मिल कर साजिश रचने के आरोप का सामना करने वालों को अमेरिकी जांच एजेंसी सीआईए की एक गोपनीय जेल में रख कर उनसे पूछताछ की गई थी। वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर हमले में उस समय तक न्यूयॉर्क शहर की पहचान बन चुकी दो जुड़वां गगनचुंबी इमारतें (ट्विन टावर) ध्वस्त हो गई थीं और करीब तीन हजार लोग मारे गए थे। क्यूबा के ग्वांतानामो बे में सैन्य आयोग ने घोषणा की थी कि युद्ध अदालत की देखरेख के लिए नियुक्त अधिकारी, रिटायर्ड ब्रिगेडियर जनरल सुसान एस्केलियर ने मुख्य आरोपी खालिद शेख मोहम्मद और उसके दो कथित सहयोगियों, वालिद बिन अताश और मुस्तफा अल-हौसावी के साथ एक दलील समझौते को अंतिम रूप दिया था।

### कुछ रिपब्लिकंस ने प्रशासन पर मढ़ा था दोष

कुछ रिपब्लिकंस ने इसको लेकर बाइडेन प्रशासन को दोषी ठहराया था। हालांकि, बाइडेन प्रशासन का कहना था कि डील से जुड़ी बारीकियों की उन्हें जानकारी नहीं है। खालिद पर 2008 में हमले की साजिश, युद्ध के कानून के उल्लंघन और हत्या , नागरिकों और सार्वजनिक सम्पत्तियों हमला, संपत्तियों को नष्ट करना, जानबूझकर लोगों गंभीर शारीरिक क्षति पहुंचाना और आतंकवाद और आतंकवाद के लिए भौतिक सहायता सहित कई अपराधों में मामला दायर किया गया है।

### साक्ष्यों को प्रमाणित करने में समय लगा

खालिद और उसके साथ मिल कर षड्यंत्र करने वाले आरोपियों के खिलाफ सैन्य कानून के तहत मुकदमे में देरी हुई, क्योंकि 2000 के दशक में अमेरिकी अदालत को सीआईए की गुप्त जेल में खालिद और अन्य से जो साक्ष्य प्राप्त किए गए थे, उन साक्ष्यों को अदालत में प्रामाणित करने में समय लगा। यह मुकदमा 11 जनवरी, 2021 को शुरू होना था, लेकिन दो न्यायाधीशों के इस्तीफे और कोरोना महामारी के कारण इसमें देरी हुई।

### हमास मुखिया की हत्या के बाद ईरान में खलबली... बड़ा एक्शन

# दर्जनों अधिकारी पकड़े

**एजेंसी** | तेहरान

ईरान में हमास के राजनीतिक नेता इस्माइल हानिया की हत्या की जांच के बीच उच्च पदस्थ खुफिया और सैन्य अधिकारियों सहित दर्जनों कानून प्रवर्तन अधिकारियों को हिरासत में लिया गया है। स्थानीय मीडिया सूत्रों ने जांच से जुड़े ईरान के सूत्रों के हवाले से शनिवार को यह जानकारी दी।

ब्रिटेन के अखबार 'द टेलीग्राफ' ने शुक्रवार को इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के अज्ञात सूत्रों का हवाला देते हुए बताया कि जिस विस्फोटक उपकरण से हानिया की मौत हुई। वह इजराइल की खुफिया एजेंसी मोसाद द्वारा किराए पर लिए गए आईआरजीसी के एजेंटों द्वारा लगाया गया था। यह घटना कथित तौर पर "ईरान के लिए अपमान और आईआरजीसी के लिए एक बड़ा सुरक्षा उल्लंघन" बन गई। ईरानी अधिकारियों द्वारा गठित एजेंटों की विशेष टीम ने तेहरान में आईआरजीसी द्वारा संचालित गेस्टहाउस में वरिष्ठ खुफिया अधिकारियों, उच्च पदस्थ सैन्य अधिकारियों और कर्मियों सहित दो दर्जन से अधिक लोगों से पूछताछ की और उन्हें गिरफ्तार किया है। ईरानियों ने अखबार को बताया कि आधिकारिक जांच पूरी होने तक उनमें से कई को हिरासत में ले लिया गया है।



### मोसाद किया ईरान के ही एजेंट्स् का इस्तेमाल

नवनिर्वाचित ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन के शपथ समारोह में हिस्सा लेने के बाद हानिया की हत्या कर दी गई। इतने शातिर तरीके से यी हत्या की गई कि पूरी दुनिया हैरान है। रिपोर्ट में बताया गया कि गेस्टहाउस में दो महीने पहले ही बम प्लांट कर दिया गया था। मतलब मोसाद को पता था कि राष्ट्रपति पद की शपथ ग्रहण में दौरान हानिया ईरान जरूर आएगा और इसी गेस्ट हाउस में रुकेगा। वहीं, इस पूरे प्लान में मोसाद ने ईरान के ही एजेंट्स् का इस्तेमाल किया। ऐसे में ईरान के नेताओं में इजराइल का खौफ भी बढ़ गया है।

### कितनी ताकतवर है मोसाद

इजराइली खुफिया एजेंसी मोसाद पश्चिमी देशों में सीआईए के बाद सबसे ताकतवर खुफिया एजेंसी है। इसके 7000 एजेंट्स हैं और इसका सालाना बजट 3 अरब डॉलर का है। इसके इंटरनल स्ट्रक्चर की भी जानकारी गुप्त है। इसके एजेंट्स फिलिस्तीनी सेना में ही नहीं बल्कि लेबनान, सीरिया और ईरान में भी हैं। हाई लेवल की हत्याएं करवाने के लिए मोसाद का मेतसादा डिविजन काम करता है। टेलिग्राफ की रिपोर्ट के मुताबिक मोसाद ने ईरानी सुरक्षाबलों के ही एजेंट्स को बम लगाने के लिए हायर किया था।

### नए शोध से वैज्ञानिक हैरान


# धरती के पड़ोसी ग्रह में भरा है हीरा

### ■ 18 किमी मोटी है ग्रह पर हीरे की परत

**एजेंसी** | बेंगलुरू

वॉशिंगटन। सौर मंडल के सबसे छोटे और सूर्य के सबसे करीब के ग्रह बुध को लेकर एक नया शोध सामने आया है। इस ग्रह की जमीन के नीचे 18 किलोमीटर तक मोटी हीरे की परत छिपी हो सकती है।

लगभग 4.5 अरब साल पहले बुध ग्रह का निर्माण हुआ था। इसके तुरंत बाद ही हीरे का निर्माण शुरू हो गया होगा। ऐसा माना जाता है कि नए-नए बने ग्रह पर ग्रेफाइट की एक परत थी, जो गहरे मैग्मा महासागर के ऊपर तैर रही थी। एनविल प्रेस नामक मशीन के जरिए शोधकर्ताओं की एक टीम ने एक बार फिर उस 'प्राचीन' झुलसने वाले वातावरण को बनाया।



### एनविल प्रेस मशीन का भी इस्तेमाल

एनविल प्रेस मशीन का इस्तेमाल यह समझने के लिए किया जाता है कि अत्यधिक दवाब में चीजें कैसे व्यवहार करती हैं। साथ ही, सिंथेटिक हीरे बनाने में भी इसका इस्तेमाल होता है। बेल्जियम में लीज विश्वविद्यालय में भूविज्ञान विभाग और निष्कर्षों की रिपोर्ट करने वाले अध्ययन के सह-लेखक बर्नार्ड चार्लियर ने कहा, 'यह एक विशाल प्रेस है, जो हमें उसी उच्च दबाव और उच्च तापमान पर छोटे नमूनों को प्रस्तुत करने में सक्षम बनाता है, जिसकी हम बुध के मेंटल के अंदर गहराई में, अपेक्षा करते हैं।'

### कैसे किया प्रयोग?

टीम ने ग्रेफाइट कैप्सूल के अंदर सिलिकॉन, टाइटेनियम, मैग्नीशियम और एल्यूमीनियम सहित तत्वों का एक सिंथेटिक मिश्रण डाला, जो शुरुआती दिनों में बुध के आंतरिक हिस्से की सैद्धांतिक संरचना की नकल करता है। इसके बाद शोधकर्ताओं ने कैप्सूल को पृथ्वी की सतह पर पाए जाने वाले दबाव से लगभग 70,000 गुना अधिक दबाव दिया और 2000 डिग्री सेल्सियस तक का तापमान दिया। वैज्ञानिकों का मानना है कि अरबों साल पहले बुध के स्थितियों की यह नकल थी।

### सोमालिया में होटल पर हमले में 32 लोगों की मौत

# अल-शबाब ने ली हमले की जिम्मेदारी

**एजेंसी** | मोगादिशु (सोमालिया)

अफ्रीकी देश सोमालिया की राजधानी मोगादिशु में समुद्र तट पर स्थित एक होटल पर शुक्रवार शाम हुए हमले में 32 लोगों की मौत हो गई और 63 अन्य घायल हो गए। यह जानकारी पुलिस ने शनिवार को दी। पुलिस प्रवक्ता मेजर अब्दिफतह अदन हस्सा ने पत्रकारों को बताया कि हमले में एक सैनिक की मौत हो गई और बाकी नागरिक थे। हसन ने बताया कि हमले में एक अन्य सैनिक घायल भी हुआ है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि विस्फोट के बाद गोलीबारी हुई। अल-कायदा के पूर्वी अफ्रीका में सहयोगी संगठन अल-शबाब ने अपने रेडियो के माध्यम से कहा कि हमला उसके लड़ाकों ने किया। देश की सरकारी 'सोमाली नेशनल न्यूज एजेंसी' ने बताया कि सुरक्षा बलों ने 'हमलावरों को मार गिराया।' गोलीबारी में किसी के हताहत होने के बारे में फिलहाल कोई जानकारी नहीं दी गई। अल-कायदा के पूर्वी अफ्रीका सहयोगी अल-शबाब ने अपने रेडियो के माध्यम इस हमले की जिम्मेदारी ली और कहा कि होटल पर उसके लड़ाकों ने हमला किया। मोगादिशु के एक लोकप्रिय क्षेत्र लीडो तट पर शुक्रवार रात काफी चहल-पहल थी क्योंकि सप्ताहांत में सोमालियाई लोग यहां घूमने के लिए आते हैं। एक प्रत्यक्षदर्शी, मोहम्मद मोआलिम ने फोन पर बताया कि उन्होंने एक हमलावर को विस्फोटकों से लदी जैकेट पहने देखा, और कुछ देर बाद ही उसने होटल के पास खुद को उड़ा लिया। मोआलिम ने बताया कि होटल में उसके साथ मौजूद कुछ सहयोगी भी मारे गए और अन्य घायल हो गए। एक अन्य प्रत्यक्षदर्शी एडम ने बताया कि उन्होंने कई लोगों को जमीन पर बेसुध पड़े देखा और कुछ घायलों को अस्पताल पहुंचाने में भी मदद की।







सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl